शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 68 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 04 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा सबसे बड़ी चुनौती'

## हमें प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचना है और उन्हें निडर होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है: मोदी



"बंगाल में चुनावी हिंसा की चुनौती को स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग द्वारा कड़े सुरक्षा उपायों का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, हम सब भी बंगाल की स्थिति पर नजर बनाए रखते हैं"

**नई दिल्ली**

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती हिंसा की होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचना है और उन्हें निडर होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री ने नमो ऐप के माध्यम से पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा की चुनौती को स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग द्वारा कड़े सुरक्षा उपायों का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, हम सब भी बंगाल की स्थिति पर नजर बनाए रखते हैं। हमें हर वोटर के घर पहुंचकर उन्हें हौसला देना है कि वे निडर होकर मतदान करें। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और टीएमसी के विरोध के बीच लगातार काम करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत संकटों के बीच सार्वजनिक सेवा के प्रति कार्यकर्ताओं का दृढ़ समर्पण सराहनीय है। मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे शत्रुता का सामना करने के बावजूद साहसपूर्वक लोगों की सेवा करना जारी रखें, क्योंकि इससे विश्वास और समर्थन बढ़ेगा। उन्होंने हिंसा के माध्यम से व्यवधान डालने की टीएमसी की कोशिशों के सामने कार्यकताओं की बहादुरी पर प्रकाश डाला और लोकतंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ह्लटीएमसी द्वारा हिंसा का सहारा लेकर भाजपा को रोकने की कोशिश होती है। देश ने यह भी देखा है कि कैसे भाजपा कार्यकर्ता निडर होकर अपने बूथ पर डटे रहे और वोटरों का साथ दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोग अब समझ चुके हैं कि टीएमसी सरकार ना तो केंद्र की योजनाएं ठीक से लागू होने देती है और ना ही खुद से काम करती है।

### 'सरकारी खजाने की लूट और गुंडों का संरक्षण टीएमसी सरकार का एजेंडा'

"सरकार के महत्वपूर्ण विभाग जेल से चल रहे हैं। इस सरकार में ना तो लोगों का जीवन सुरक्षित है और ना ही महिलाओं का सम्मान"




**पीएम मोदी ने कहा कि सरकारी खजाने** की लूट और गुंडों का संरक्षण टीएमसी सरकार का एजेंडा हो गया है। सरकार के महत्वपूर्ण विभाग जेल से चल रहे हैं। इस सरकार में ना तो लोगों का जीवन सुरक्षित है और ना ही महिलाओं का सम्मान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीबों का जीवन बदलने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। इसी का परिणाम है कि आज करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। हमारी नीयत सही है, इसलिए नतीजे सही हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में ममता बनर्जी सरकार द्वारा बाधा डाले जाने के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कोर कमेटियों को शाह ने दिया जीत का मंत्र- चुनाव तक हर घर तीन बार पहुंचे कार्यकर्ता तो...




**मुरादाबाद**

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह भारतीय जनता पार्टी की बुधवार को हुई लोकसभा कोर कमेटी की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। पदाधिकारियों में जोश भरने के साथ ही बूथ प्रबंधन के मंत्र दिए। उन्होंने जीत के लिए हर घर कुंडी खटखटाने का आह्वान किया। कोर कमेटी बैठक में पहले और दूसरे चरण में होने वाले मतदान में शामिल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर मंडल की 14, ब्रज प्रांत की मथुरा और अलीगढ़ और अवध की पीलीभीत लोकसभा सीट के कोर कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। सबसे पहले उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की इसमें पन्ना प्रमुख पर जोर दिया गया। संक्षिप्त समीक्षा में सभी से पूछा गया कि अभी तक पन्ना प्रमुख सहित कितने प्रतिशत कार्य किया गया है। केंद्रीय स्तर पर दिए गए अभियानों की स्थिति के बारे में जाना। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। हमें किसी भी वोट को नजरअंदाज नहीं करना है। मतदान तक हमें हर मतदाता के घर पर तीन बार पहुंचना है। पहले पत्रक पहुंचाने के लिए, दूसरी बार प्रत्याशी की अपील के लिए और तीसरी बार चुनाव पर्ची पहुंचाने। जिनके बारे में हम यह जानते हैं कि वह भाजपा के मतदाता नहीं हैं, उनके भी घर जाना है, विशेषकर लाभार्थी वर्ग के।

## सुप्रीम कोर्ट ने अजीत पवार गुट से मांगी घड़ी चुनाव चिह्न के बारे में अखबारों के विज्ञापन की जानकारी

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी के अजीत पवार गुट को कोर्ट के आदेश के बाद घड़ी चुनाव चिह्न के बारे में अखबारों में दिए गए विज्ञापनों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट ने 19 मार्च को आदेश दिया था कि एनसीपी अजीत पवार गुट अखबारों में ये विज्ञापन देगा कि घड़ी चुनाव चिह्न का मामला अभी कोर्ट में लंबित है। कोर्ट ने अजीत पवार गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से कहा कि आप हमारे आदेश के बाद के विज्ञापनों के बारे में बताएं। हमें अजीत पवार गुट के इस तरह के व्यवहार के बारे में फैसला करना होगा। किसी को भी हमारे आदेश के उल्लंघन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। दरअसल एनसीपी के शरद पवार गुट की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अजीत पवार गुट ने घड़ी चुनाव चिह्न के बारे में कोर्ट के आदेशों का अनुपालन नहीं किया है। अभी चुनाव है और कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 मार्च को अजीत पवार गुट को घड़ी चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी, जबकि शरद पवार गुट को एनसीपी-शरद चंद्र पवार के नाम और चुनाव चिह्न तुरहा फूंकते हुए आदमी के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कल उत्तराखंड में करेंगे चुनावी रैलियों को संबोधित

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार को उत्तराखंड में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को हरिद्वार में रोड शो में भाग लेंगे और साधु संतों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान कई संगठनात्मक बैठकें भी करेंगे। भाजपा मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को जेपी नड्डा दोपहर साढ़े 12 बजे पिथौरागढ़ में रैली को संबोधित करेंगे। उसके बाद करीब 4 बजे विकास नगर में रैली को संबोधित करेंगे।

## वायनाड से राहुल गांधी ने भरा पर्चा, कलपेट्टा में रैली करने के बाद चुनाव प्रचार भी किया



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस के पूर्व** अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल किया। वे कलपेट्टा में रैली करने के बाद चुनाव प्रचार करते हुए नामांकन करने पहुंचे थे। नामांकन दाखिल करने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ये लड़ाई लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा, एक तरफ कांग्रेस पार्टी और आईएनडीआईए गठबंधन लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ पीएम मोदी, अमित शाह, भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने में लगे हैं। राहुल गांधी के नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा भी मौजूद रहीं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, आज भाई राहुल गांधी के चुनाव नामांकन के लिए उनके साथ वायनाड, केरल में हूं। कुछ महीने पहले भाजपा सरकार ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता छीनकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश की थी, लेकिन संविधान की ताकत ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

## हीटवेव के बेहतर प्रबंधन के लिए लोगों को जागरूक आवश्यक: डॉ. मनसुख मांडविया




**नई दिल्ली**

**केंद्रीय स्वास्थ्य** और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि हीटवेव के बेहतर प्रबंधन के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास आवश्यक हैं, क्योंकि प्रभावी समाधान से प्रभावी प्रबंधन होता है। बुधवार को गर्मी के प्रभाव के प्रबंधन पर बुलाई गई उच्च स्तरीय बैठक में डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि मौसम विभाग ने इस साल के लिए अल-नीनो की भविष्यवाणी की है। इसलिए इस साल गर्मी की लहर की संभावना अधिक है। गर्मी में तापमान सामान्य से अधिक होगा। यह साल चुनावी साल है और गर्मी से बचाव के लिए कदम उठाना बेहद जरूरी है। इसलिए राज्य सरकारों को कहा गया है कि वे एक एडवाइजरी जारी करें।

मनसुख मांडविया ने गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि हीटवेव पर क्षेत्र स्तर के डेटा को साझा करने के लिए राज्यों से इनपुट के साथ केंद्रीय डेटाबेस बनाना चाहिए ताकि स्थिति का वास्तविक आकलन किया जा सके। इस अवसर पर राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार, नीति आयोग के सदस्य डॉ वीके पॉल, स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा, एम्स निदेशक, आईसीएमआर के महानिदेशक सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनावों में ईवीएम के डाटा से वीवीपैट पर्चियों के मिलान की मांग पर सुनवाई दो हफ्ते बाद



### कोर्ट भी चाहती है कि इस पर जल्द सुनवाई हो लेकिन इस मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई नहीं हो सकती

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** चुनावों में ईवीएम के डाटा से वीवीपैट पर्चियों के मिलान की मांग पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। बुधवार को याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि इस याचिका पर अगले हफ्ते 09 अप्रैल को सुनवाई की जाए। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि कोर्ट भी चाहती है कि इस पर जल्द सुनवाई हो लेकिन इस मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई नहीं हो सकती, रोस्टर की वजह से दो हफ्ते बाद ही सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल को जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी वीवीपैट पर्चियों का मिलान करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया था।

याचिका एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि सभी वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया जाए। वर्तमान में ये प्रैक्टिस है कि एक विधानसभा क्षेत्र में पांच ईवीएम के वीवीपैट पर्चियों के ही मिलान किया जाता है।

## केजरीवाल को इलेक्ट्रिक केतली, मेज-कुर्सी उपलब्ध कराने के लिए निर्देश



**नई दिल्ली**

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधीक्षक को निर्देश दिया है कि वो दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक इलेक्ट्रिक केतली, मेज और कुर्सी उपलब्ध कराएं। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल को पानी गर्म करने के लिए इलेक्ट्रिक केतली के इस्तेमाल की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि इलेक्ट्रिक केतली को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उनके वकील और घरवालों की होगी। दरअसल कोर्ट मे अरविंद केजरीवाल का कहना था कि वो डायबिटीज से पीड़ित हैं। उन्हें बार-बार चाय पीनी होती है, जबकि जेल प्रशासन उन्हें सिर्फ जेल के नियमों के हिसाब से ही उन्हें चाय उपलब्ध करा सकती है। ऐसे में उन्हें इसकी इजाजत दी जाए। कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को ये भी निर्देश दिया कि वे केजरीवाल के वकील को उन्हें जेल मैन्युअल उपलब्ध कराने की अनुमति दें। कोर्ट ने एक अप्रैल को केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने केजरीवाल को न्यायिक हिरासत के दौरान भागवत गीता, रामायण और हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड नामक पुस्तक पढ़ने की अनुमति दी थी।

## विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किलें बढ़ीं, तीसरे दिन 25 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली**

विस्तारा एयरलाइंस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले कुछ दिनों से पायलट्स की कमी का असर विस्तारा की उड़ानों पर दिख रहा है। नए अनुबंध के विरोध में पायलटों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण विस्तारा ने लगातार तीसरे दिन करीब 26 उड़ानें रद्द कर दी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को दी जानकारी में कहा कि विस्तारा एयरलाइन ने पायलट्स की कमी के चलते 26 उड़ानें रद्द की हैं। हालांकि, एयरलाइंस कंपनी के शीर्ष पदाधिकारियों ने पायलट्स के साथ आज एक बैठक की है, जहां नए अनुबंधों और रोस्टरिंग के मुद्दे पर चर्चा हुई। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कानन ने कहा कि वह पायलटों के साथ एक-एक कर बातचीत करेंगे और वेतन संरचना और ड्यूटी के घंटों जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## एजेंसियों और राज्य मशीनरी के बीच बेहतर तालमेल के लिए ईसी ने की बैठक

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ हुई बैठक




**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक वर्तमान आम चुनावों में कानून-व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने तथा अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम व अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी की स्थिति की समीक्षा करने के लिए थी। आयोग का कहना है कि संयुक्त समीक्षा का उद्देश्य सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक ही मंच पर लाना था। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ हुई बैठक में राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों और सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने सभी हितधारकों से चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# पुलिस मुठभेड़ में ट्रक का लुटेरा गिरफ्तार

## शंकरगढ़ में ट्रक चालक को बंधक बनाकर लूटा था ट्रक




अखंड भारत संदेश

**बारा/शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में चालक को बंधक बनाकर ट्रक लूटने वाले गिरोह के वांछित अभियुक्त को बीती रात गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान की। पैर में गोली लगने के बाद उसे एसआरएन में भर्ती करवाया गया है। बताते चलें कि शंकरगढ़ क्षेत्र के अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सामने से विगत 28-29 फरवरी की रात को चालक को बंधक बनाकर लुटेरों ने ट्रक लूट लिया था। शंकरगढ़ पुलिस लुटेरों की तलाश में लगी थी। एक दिन पहले ही मंगलवार को तीन अभियुक्तों को लूटे गए दो ट्रकों के साथ गिरफ्तार किया गया था। बीती रात मुखबिर की सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस ने लखनौटी गांव के पास घेराबंदी कर वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार करने की कोशिश की। इसी दौरान पुलिस की घेराबंदी देख लुटेरे ने फायर कर दिया। फायरिंग के बाद बाइक से भागने के दौरान पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और पैर में गोली लग जाने के कारण अभियुक्त गिर पड़ा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम गुफरान खान (निवासी हंडौर, पूरे नादर, थाना लीलापुर, प्रतापगढ़) बताया। गुफरान के कब्जे से 315 बोर का तमंचा-कारतूस और खोखा के साथ बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने घायल को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां से उसे एसआरएन के लिए रेफर कर दिया गया। डीसीपी यमुनानगर के अनुसार अभियुक्त का स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में इलाज चल रहा है। उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश, उपनिरीक्षक नवीन कुमार सिंह, शिव कुमार यादव, कृष्णकांत पांडेय, हेड कांस्टेबल महेश सरोज, बलवीर सिंह, सिपाही धर्मेन्द्र पाल, प्रदीप यादव थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ महिला की मौत, मचा कोहराम



**मांडा।** बरहा कला गांव में रात करीब 10 बजे बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों के घर में कोहराम मच गया है। मांडा थाना क्षेत्र के बरहा कला की रहने वाली जमुना देवी (54) पत्नी रंगलाल यादव मंगलवार शाम घर पर थीं। उनके आंशिक रूप से प्रदर्शित किये गये। एंटरप्राइज एलएलसी द्वारा अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। कुल शव लेकर घर पहुँचे तो स्कूटर मच गया। इवेंट को लेकर सुपरस्टार के बेटे संजय यादव और बीर समेत स्वजन का रो- रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं उक्त गांव के प्रधान प्रतिनिधि राजेश्वर यादव ने बताया कि रविवार दोपहर स्थानीय नरवर चौक गंगा घाट पर उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया। उक्त घटना को लेकर उन्होंने गहरा दुःख व्यक्त किया।

# लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा के विभिन्न मोर्चो की विधानसभा बैठक सम्पन्न



**कोरांव।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा विधानसभा कोरांव के कोरांव, कोहड़ार, अयोध्या, लेडियारी, बड़ोखर मंडल की पिछड़ा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति जनजाति मोर्चा,युवा मोर्चा की कामकाजी बैठक संपन्न हुई। महिला मोर्चा की बैठक विधानसभा कार्यालय में स्थानीय विधायक राजमणि कोल ने संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं का सम्मान भाजपा में ही सुरक्षित है भाजपा सरकार ने ही महिलाओं को राशन कार्ड में मालिकाना हक दिलाया और 33 प्रतिशत का आरक्षण सुनिश्चित किया। वही विधानसभा कार्यालय में ही युवा मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा लोकसभा प्रवासी प्रणव त्रिपाठी ने आगामी कार्यक्रमों के विषय में कार्यकताओं को विस्तार पूर्वक बताया व लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा की युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ है युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी हर बूथ तक पहुंच कर आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी जी के कार्यकाल की उपलब्धियां पहुंचाए साथ ही हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने के लिए कार्य करे।विधानसभा संयोजक राकेश पांडेय ने कार्यकताओं को संबोधित कर आगामी कार्ययोजना व अपना बूथ सबसे मजबूत हो के विषय में विस्तार से बताते हुए कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। वही पिछड़ा मोर्चा की बैठक रत्योरा मोड़ में मुख्य अतिथि के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने संबोधित कर पिछड़ा मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष पटेल ने किया संचालन जिला महामंत्री रामराज पटेल ने किया । अनुसूचित मोर्चा की बैठक नेवढ़िया बयालीस में मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल ने आए हुए कार्यकताओं से चुनाव में जुट जाने की अपील करते हुए सरकार द्वारा जनहित में किए गए कार्यों के विषय में विस्तार से बताया कार्यक्रम का संचालन बबुआन द्विवेदी ने किया कार्यक्रम संयोजक अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम वैद्य रहे। बैठक के उपरांत युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय के नेतृत्व में विधानसभा कार्यालय से विकास खंड कार्यालय तक बाइक रैली निकाली गई जिसमे सुमित पांडेय, प्रकाश द्विवेदी, सत्यम शुक्ला, भालेंदु मिश्र, अरविंद तिवारी, घनश्याम स्वर्णकार, राजकुमार केशरी दिनेश केशरी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बी डी सेंट्रल एकेडमी में फेयर वेल कार्यक्रम संपन्न



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के खानपुर स्थित बी डी सेंट्रल एकेडमी में कक्षा आठ के बच्चो का फेयर बेल कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता रही। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम भी किया। बच्चो को उपहार भी दिया गया स्कूल की निदेशक बबिता गुप्ता ने कहा की जो बच्चे इस वर्ष कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दूसरे स्कूल में जायेंगे वे लोग अपने पढ़ाई और संस्कार इस प्रकार रखे की अपने परिवार और स्कूल दोनो का नाम रोशन करे, इस वर्ष जिन बच्चो ने पूरे स्कूल में सबसे अधिक अंक प्राप्त करके प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन्हे स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया स्कूल के प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव ने सभी बच्चो को आगे भी अच्छे अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम देश एवं प्रदेश में फैलाने के लिए अपना आशीर्वचन देते हुए विदा किया इस दौरान संतोष कुमार,मूरतध्वज द्विवेदी,खुशबू गुप्ता,गुंजा, सरिता यादव,वंदना शुक्ला,शबनम,अर्पिता कुशवाहा,अल्का सिंह,अंजली, दीक्षा सेठ, शिवानी निषाद,शिक्षा गुप्ता ,रीमा कुशवाहा,निकिता विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन सोरांव के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, लिए गए अहम निर्णय



**सोरांव।** बार एसोसिएशन सोराव के मीटिंग हॉल में बुधवार को कार्यकारिणी की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलाकांत मिश्रा एडवोकेट ने किया। वहीं महामंत्री रमेश नारायण मिश्र एडवोकेट ने कार्यकारिणी में आए हुए सभी सम्मानित पदाधिकारी का सम्मान करते हुए तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए तथा बार की आमदनी बढ़ाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की। इतना ही नहीं सोरांव तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल शुक्ला व उनके एक अधिवक्ता साथी पर जबरन न्यायालय बंद करवाने को लेकर एक नोटिस भी जारी किए। अध्यक्षता कर रहे कमला कांत मिश्रा ने बताया कि तहसील में स्थित सभी न्यायालय में लंबित मुकदमो की पुरानी फाइलों में यदि अधिवक्ता बदल गए हो तो नए अधिवक्ता अपनी बहस करने के लिए वकालतनामा लगाने की बात कही। वही विधि व्यवसाय कर रहे सोरांव में जूनियर तथा सीनियर अधिवक्ताओं के द्वारा बार कार्यालय में अपनी समस्याओं व मांग पत्रों को लेकर जितने भी आवेदन दिए थे सभी आवेदनों पर अध्यक्ष कमला कांत मिश्रा ने गहन अध्ययन करके संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को त्वरित कार्यवाही करने का आदेश भी दिए। तथा अधिवक्ताओं के मांग जैसे मेज,कुर्सी पंखा आदि पर मोहर लगाई गई। कुछ अधिवक्ताओं ने गंभीर बीमारी का भी आवेदन पत्र कार्यालय में जमकर सहायता की मांग किया था। जिसको तत्काल प्रभाव से कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से विचार किया गया और जरूरतमंदों को चेक के माध्यम से राशि अवमुक्त करने की बात कही। वही पत्रावलियों में आदेश के बावजूद परवाना की फीडिंग समय से न किए जाने की शिकायतों पर अध्यक्ष के के मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से प्रशासनिक सदस्यों की एक टीम का गठन कर प्रत्येक न्यायालय में जाकर निगरानी करने का आदेश दिए। कि कितने परवाने की फीडिंग हुई और कितने परवाने की फीलिंग अभी लंबित है तो क्यों लंबी है जैसे तमाम नए नियम व कानून को अधिवक्ता हित के लिए बनाए गए। इस मौके पर कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम बहादुर सिंह एडवोकेट, संयुक्त मंत्री प्रशासन प्रदीप कुमार केसरवानी, कोषाध्यक्ष श्याम शुक्ला, संयुक्त मंत्री प्रकाशन रमेश चंद्र पटेल, पुस्तकालय अध्यक्ष अनिल कुमार यादव,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार पटेल, ललित कुमार मिश्रा, मनोज यादव, बृजेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य जितेंद्र कुमार यादव, राजेश कुमार यादव सहित दर्जनों पदाधिकारी अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### सड़क दुर्घटना में किशोर की दर्दनाक मौत, कोहराम मचा



**मांडा।** क्षेत्र के सुरवादलापुर रात में सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई। सूचना पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया। मांडा थाना क्षेत्र के धराव नारा गाव बाजार निवासी अरुण कुमार यादव (34) पुत्र देवकी नंदा यादव रात को मांडा खास से बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के सुरवादलापुर में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उपचार के लिए प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराए गया जहां डॉक्टरों ने तुरंत जिला अस्पताल के लिऐ रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने शव को देखकर किशोर को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुईं तो कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह व एसआई सन्नेश बाबू गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें। जहां कि शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शहर भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार की कुशलता जानने डा अशोक हरिवंश पहुंचे घर



**मेजा।** सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार हाल चाल लेने प्रसिद्ध कथा वाचक डॉ अशोक हरिवंश बुधवार को एडीए नैनी उनके आवास पर पहुंचे और पत्रकार शशिकांत तिवारी का हाल चाल जाना। गौरतलब है कि मेजा के दूबेपुर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत तिवारी वर्तमान में नैनी एडीए कालोनी में रहते हैं । वह किसी कार्य से बीते 20 मार्च को सुबह बाइक से बाजार गए थे जहां वापस लौटते समय अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर गए और उनका एक पैर फैक्चर हो गया था। जिसकी जानकारी मिलने पर बुधवार को डॉ अशोक हरिवंश उनका हाल चाल लेने उनके आवास पर पहुंचे । इस दौरान डॉ अशोक हरिवंश ने कहा कि मंगलवार को संगम स्थित बढ़े हनुमानजी पर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विधि विधान से पूजा करेंगे और हनुमान जी से देश के चौथे स्तंभ की रक्षा की मांग करेंगे।

### शोक संवेदना व्यक्त करने सपा कार्यकर्ता के घर पहुंचे पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह



**मांडा।** क्षेत्र के दिघिया के सपा कार्यकर्ता व छोटा भाई के नाम से चर्चित सपा कार्यकर्ता शैलेन्द्र यादव की विगत 22 मार्च को हुई। आकस्मिक निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। वहीं सपाई लगातार मृतक कार्यकर्ता के घर पहुंच कर शोक व्यक्त कर परिजनों को ढाढस बंधा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री व लोक सभा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह दर्जनों समर्थको के साथ कार्यकर्ता शैलेन्द्र यादव के घर पहुंचे उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक जताते हुए ढाढस बंधाया। उक्त पूर्व मंत्री श्री सिंह ने शैलेन्द्र को पार्टी का ईमानदार सिपाही बताया।

### विधुत घर्षण से उठी चिंगारी से हजारों की फसल जलकर खाक



**मऊआइमा।** विधुत तार जर्जर होने से गेंहू के खेत में टूट कर गिर पडा।जिसकी चपेट में पकी गेंहू की फसल जलने लगी ग्रामीणों ने किसी तरह काबू पाए।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के बुधवार को सुबह ग्राम छाता निवासी श्याम शंकर त्रिपाठी पुत्र अमृत लाल त्रिपाठी के खेत से हाई टेंशन तार गुजरा हुआ है। बताया गया है कि तेज हवाओं के कारण जर्जर तार टूट कर गिरने से घर्षण से उठी चिंगारी से तेजी से आग पकड़ ली।जिसे दर्जनों लोगों ने मिलकर पानी के जरिए बुझाया। बताया गया है कि फिर भी एक बिस्वा से अधिक हजारों की पकी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों का का आरोप है कि जगह जगह विधुत तार जर्जर हैं जिसके कारण तेज हवा चलने से वह टूट कर गिर रहे हैं। विधुत विभाग से शिकायत पर कार्रवाई तवज्जो नहीं दिया जाता है। जिससे किसानों की हजारों की फसल जलकर नष्ट होने लगी है। श्याम शंकर त्रिपाठी की फिर भी हजारों की फसल जलकर राख हो गई।

### डॉ धर्मेन्द्र यादव बने समाजवादी पार्टी के जिला सचिव



**करछना।** प्रयागराज सामाजवादी पार्टी के संगठन विस्तार किया गया ज़िला प्रयागराज सामाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष आदरणीय श्री अखिलेश यादव जी के निर्देश पर एवम समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय नरेश उत्तम पटेल जी के अनुमोदन तथा सामाजवादी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष आदरणीय पप्पू लाल निषाद के नेतृत्व में प्रयागराज यमुनापार का समाजवादी पार्टी धर्मेन्द्र कुमार सिंह जिला सचिव समाजवादी पार्टी के मनोनित किए गए मौके पर मेजा विधायक आदरणीय श्री संदीप पटेल ननकेस बाबू जय शंकर। भारतीय जगदीश यादव मोहित यादव प्रदीप निषाद अशोक यादव सत्य प्रकाश सोनकर अरुण यादव आशीष पटेल अनीश यादव सुभाष सभी लोग ने बधाई दिए।

# इफको ने यूरिया के अधिक उत्पादन के साथ ही कम की ऊर्जा की खपत

## इफको के अधिकारियों ने इस बेहतर प्रदर्शन पर ईकाई प्रमुख को दी बधाई



इफको की फूलपुर ईकाई में बेहतर प्रदर्शन करने पर ईकाई प्रमुख को शुभकामनाएं देते अधिकारी

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर यूनिट में यूरिया प्लांट का उत्पादन निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक होने तथा यूरिया -1 संयंत्र में अब तक की सबसे कम वार्षिक ऊर्जा की खपत होने पर इफको के अधिकारियों ने बुधवार को ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया को पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी। साथ ही अग्रिम वित्तीय वर्षों में और भी बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं ईकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने इस बेहतर प्रदर्शन का श्रेय इफको की पूरी टीम को देते हुए कहा की इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जी के सहकार से समृद्धि ,आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि, किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प को पूरा करने के लिए इफको लगातार काम कर रहा है। उन्होंने बताया इफको की फूलपुर इकाई में इस बार यूरिया का उत्पादन 18.35 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 19 लाख मीट्रिक टन रहा जो की अपनी क्षमता का लगभग 110 प्रतिशत है। बेहतर परिणामों की बदौलत इफको फूलपुर इकाई को विभिन्न क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार भी मिला है जिसमें ऊर्जा प्रबंधन, सुरक्षा, पर्यावरण, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली का पुरस्कार शामिल है। वहीं ऊर्जा की बचत में भी इफको ने सराहनीय कार्य करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा ऊर्जा की कम खपत करते हुए जहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण निभाई वहीं पर्यावरण की दृष्टि से भी सराहनीय काम किया। उन्होंने इफको की पूरी टीम की सराहना करते हुए आगे और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। न्यूनतम ऊर्जा खपत के साथ रिकार्ड उत्पादन पर इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव के साथ ही इफको के वरिष्ठ अधिकारियों ने वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (ईकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया को बधाई दी। मौके पर इफको के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण आज



**मांडा।** डाइकिन इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक द्वारा माण्डा खास स्थित लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटेकनिक कालेज माण्डा, प्रयागराज में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा का अनावरण गुरुवार सांय चार बजे करेंगे। कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट दिल्ली से कर्ननल सूद, एलबीएस आईटीएम ग्रुप के चेयरमैन पूर्व केंद्रीय मंली अनिल शास्त्री और लाल बहादुर शास्त्री सॉलिटेकनिक के चेगर मेने सुनील शास्त्री विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । वही लाल बहादुर शास्त्री पॉलिटोनिक के सलाहकार मुदित शास्त्री ने बताया कि ग्रुप के दिल्ली, बरेली, प्रयागराज के मोडा और इंदौर में कैंपस हैं। बाकी सभी जगहों पर पूर्व प्रधानमंनी जी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम पिछ्ले बबी में आयोजित किए जा चुके हैं। दिल्ली कैंपस में 2011 में आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम प्रतिभा पाटिल ने प्रतिमा का अनावरण किया था। ग्रुप के चेयरमैन अनिल शास्त्री लंबे समय से माण्डा कैंपस में भी शास्त्री की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रयासरत थे। आज उनका यह प्रयास यथार्थ के धरातल पर साकार हो रहा है। मुदित शास्त्री ने बताया कि वर्ष 2014 में लाल बहादूर शास्त्री पॉलिटेनिक कैंपस की शुरूआत हुई थी। यहाँ डिप्लोमा इन सिविल इंजिनियरिंग, इलेक्ट्रीकल इंजिनियरिंग, और मैक्नेकिल इंजिनियरिंग कॉम संचालित किए जाते हैं।

## एनी ब्रेल के माध्यम से दृष्टि दिव्यांग बच्चों की पढ़ाई होगी आसान : प्रवीण कुमार तिवारी

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज की एक नई पहल



**प्रयागराज।** बुधवार को दृष्टि दिव्यांग बच्चों हेतु एनी ब्रेल डिवाइस विकास खण्डो में स्थापित किए जाने के लिए प्रवीण कुमार तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय कुशल मार्गदर्शन में सामग्री सत्यापन का कार्य कराया गया।एनी ब्रेल डिवाइस का उपयोग एवं उसकी जानकारी स्पेशल एजुकेटर ज्ञानेश्वर द्वारा दी गई तथा एनी ब्रेल डिवाइस का सत्यापन विनोद कुमार सिंह नगर मजिस्ट्रेट प्रयागराज, दीपक पांडे सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी , कीर्ति वित्तीय परामर्शदाता (जिला पंचायत) प्रयागराज, इंद्रसेन कुमार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास पांडे जिला समन्वक समेकित शिक्षा, की उपस्थिति में पूर्ण कराया गया। उपरोक्त डिवाइस के उपयोग हेतु संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक ,इंचार्ज प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण जनपद स्तर पर दिया जाना है, जिससे उक्त टीचर्स उक्त डिवाइस का उपयोग बच्चों के लिए सुचारू रूप से कर सकें ।

### अरूण यादव बने सपा जमुनापार छात्र सभा जिला सचिव



**करछना।** प्रयागराज समाजवादी छात्र सभा के संगठन विस्तार किया गया।। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव के निर्देश पर एवम् समाजवादी छात्र सभा के। प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के अनुमोदन तथा समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में प्रयागराज यमुनापार के समाजवादी छात्र सभा के जिला सचिव मनोनीत किए गए जानें पर मेजा विधायक संदीप पटेल डा धर्मेन्द्र कुमार सिंह (ज़िला सचिव समाजवादी पार्टी )अशोक कुमार सुभाष यादव अनीस यादव पंकज यादव सभी लोग ने बधाई दिए।





# प्रेशर और फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों ने की रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

**सहसों।** सुखदेव सिंह महाविद्यालय एवं फामेर्सी कॉलेज कसेरूआ कला सहसों के प्रांगण में बुधवार को फ्रेशर और फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक एवं फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल ने शिक्षा ग्रहंण कर चुके विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नवागंतुक विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए कठिन परिश्रम और मन लगाकर अध्ययन कर लक्ष्य को हांसिल करने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र यादव एवं अजब लाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुशील पटेल, स्वाति सिंह एवं संगम पांडे ने किया। इस अवसर पर हेड आफ डिपार्टमेंट अनिल यादव, पंकज मिश्रा, अतुल पाल, स्वदेश शुक्ला , अजय यादव, शशि प्रजापति सहित बीएड, डीएल एड एवं फामेर्सी के छात्र छात्राएं एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सिपाहियो ने चंदौली में तैनात दीवान को बंधक बनाकर पीटा, हालत गंभीर

**प्रयागराज।** मामूली सी बात पर सिपाहियों ने चंदौली में तैनात एक दीवान को कमरे में बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी। जिससे उसका सिर फट गया और लहूलुहान हो गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भुक्तभोगी दीवान ने थाने में दो सिपाहियों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।सरायममरेज थाना क्षेत्र के जंघई पुलिस चौकी के सिंधौरा गांव के रहने वाले विनय कुमार सरोज (35) पुत्र फूलचंद्र सरोज जो मौजूदा समय में चंदौली जनपद में दीवान के पद पर तैनात हैं। वह पांच दिन की छुट्टी पर घर आए हुए हैं। बताया कि बुधवार सुबह करीब 12 बजे वह घर से कुछ दूरी पर स्थित रस्तीपुर चौराहे पर गए हुए थे। इसी बीच उनके पड़ोस की रहने वाली लालती देवी दीवान विनय कुमार सरोज के पास पहुंची और बताया कि पड़ोसी से हुए उनके विवाद के बावत जंघई पुलिस चौकी से दो सिपाही आए हैं।

# सिविल लाइंस में बहुमंजिला इमारत में लगी आग कंप्यूटर, प्रिंटर सहित लाखों का माल खाक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस इलाके के नवाब युसुफ रोड पर स्थित बहुमंजिला इमारत में बुधवार को आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. इससे अफरातफरी मच गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों रुपये सामान जलकर राख हो चुका था। सिविल लाइंस के बिहारी भवन में बारा के भेलाव गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह कंप्यूटर एसेसरीज और रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। हर रोज की तरह ज्ञानेंद्र कल रात करीब 8:30 बजे दुकान बंद करके घर चले गए। सुबह करीब 10 बजे आसपास के दुकानदारों ने भवन के दूसरी मंजिल से धुंआ उठने पर पहुंचे तो ज्ञानेंद्र की दुकान से धुएं का गुब्बार निकल रहा था। दुकान का शटर बंद था। लोगों ने पुलिस के साथ साथ दुकान मालिक के पास फोन कर घटना की जानकारी दी।



### शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना

उसके बाद ज्ञानेंद्र ने अतरसुइया निवासी दुकान पर काम करने वाले मिस्त्री आनंद श्रीवास्तव के पास फोन कर दुकान पर पहुंचने के लिए कहा। जब आनंद श्रीवास्तव दुकान पर पहुंचे तो सब कुछ जलकर राख हो चुका था। फायर ब्रिगेड की टीम शटर के ऊपर से पानी डालकर आग को काबू में किया। आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी दुकान में कंप्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू समेत अन्य कंप्यूटर से संबंधित चीजों की रिपेयरिंग की जाती थी। आग से करीब 20 लाख रुपये के नुकसान होने की संभावना जताई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## प्रसिद्ध पुराना माया प्रेस में लगी आग, फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर पाया काबू



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना अंतर्गत हटिया पुलिस चौकी के समीप प्रसिद्ध पुराना माया प्रेस में भीषण आग लग गई । यह घटना रात करीब 8:15 के आसपास बताई जा रही है । राहगीरों और पड़ोसियों के माध्यम से फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंच गई और आग बुझाने के लिए फायर कर्मियों ने पाइप बिछा कर आग पर काबू पा लिया । बता दे की शहर का सुप्रसिद्ध पुराना माया प्रेस के नाम से मशहूर माया प्रेस में एक समय कर्मचारियों की लाइन लगी रहती थी । मगर एक समय ऐसा भी आया कि कुछ आपसी विवाद को लेकर माया प्रेस बंद हो गया । तब से आज तक माया प्रेस को दोबारा नहीं शुरू किया गया । धीरे-धीरे माया प्रेस की बिल्डिंग पुरानी होती गई जो आज अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहा है । हालांकि फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आज पर काबू पाने के पश्चात अपने अधिकारियों को फोन पर अस्वस्थ करने के पश्चात फायर स्टेशन को लौट गए। प्रेसपरथाना मुट्ठीगंज क्षेत्र अंतर्गत शहर के सुप्रसिद्ध पुराना माया प्रेस में लगी भीषण आग। घटना रात्रि के 8:00 की है बिल्डिंग से धुए की लबर को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग को काबू किया। हालांकि कोई अनहोनी नहीं हुई कुछ सामानों का नुकसान हुआ आग की स्तिथि को कंट्रोल कर लिया गया है वही घूरपुर रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में झाड़ियां में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई मौके पर वहां पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम नें आग को काबू किया।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद

**अखंड भारत संदेश**

### 9684 में 8233 अधिवक्ताओं ने किया मतदान



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लिए मतदान बुधवा को शुरू हो गया है। चुनाव को लेकर कई दिनों से गहमागहमी चल रही है। सुबह से ही मतदान के लिए बड़ी संख्या में वकील हाईकोर्ट पहुंच रहे हैं। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त करते हुए रूट डायवर्जन कर दिया गया है। पानी की टंकी और पत्थर गिरजाघर से गैर अधिवक्ताओं के वाहनों को हाईकोर्ट की तरफ जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हाईकोर्ट के आसपास प्रत्याशियों की तरफ से स्टाल लगाए गए हैं। शाम पांच बबजे तक कुल 9684 मतदाताओं में से 8233 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। चुनाव में अध्यक्ष, सचिव समेत 28 पदों के लिए 9684 मतदाता 206 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। इसके लिए 16 बूथ बनाए गए थे। इनमें 520 महिला, 81 वरिष्ठ अधिवक्ता और 30 वर्ष से ऊपर की वकालत करने वाले 700 अधिवक्ताओं के लिए अलग बूथ शामिल रहे। मतदान की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के साथ ही 150 सहायक चुनाव अधिकारी और अध्यक्ष, सचिव के कुल 20 प्रत्याशियों के एक-एक पर्यवेक्षकों ने किया। सुबह दस बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चला। अधिवक्ता ड्रेस में बार एसोसिएशन द्वारा निर्गत पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए वकील पहुंचे। लगभग 80 फीसदी मतदान हुआ है।

### समाज को सही दिशा प्रदान करने में योगदान देंगे ज्वाला देवी के छात्र : महापौर

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइंस में मंगलवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी रहे। अध्यक्ष के रुप में प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी तथा विशेष उपस्थिति संगठन मंत्री काशी प्रांत डा राम मनोहर प्रबंधक डा संजय सिंह एवं अध्यक्ष च्यवन भार्गव रहे। मां सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन पुष्पार्चन एवं सरस्वती वन्दन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने कराया। वहीं अतिथियों ने हस्तलिखित पत्रिका हिन्दी हस्तलिखित पत्रिका अंग्रेजी एवं नई दिशा पत्रिका का विमोचन भी किया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल विद्यालय के परीक्षा प्रमुख सुरेश चन्द्र त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सत्र 2023 24 के शैक्षणिक एवं विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि महापौर गणेश केशरवानी ने कहा कि पुरस्कार किसी व्यक्ति के जीवन में उत्साह एवं गति प्रदान करते हैं।

# इलेक्शन अधिकारी बीएम जैदी साहब के नेतृत्व में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव कुशलता पूर्वक कुशलता पूर्वक इलेक्शन अधिकारी बीएम जैदी साहब के नेतृत्व में संपन्न कराया गया । बताते चले की बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, सचिव समेत 28 पदों के लिए 9684 मतदाता 206 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया है। इसके लिए 16 बूथ बनाए गए थे। इनमें 520 महिला, 81 वरिष्ठ अधिवक्ता और 30 वर्ष से ऊपर की वकालत करने वाले 700 अधिवक्ताओं के लिए अलग बूथ शामिल रहे। वही बातचीत के दौरान महिला अधिवक्ता श्रीमती सुषमा यादव प्रत्याशी बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश शबाना निजाम, पायल श्रीवास्तव एवं प्रभा उपाध्याय ने बताया की महिलाओं का वोट काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाला है काफी संख्या में अधिवक्ताओं की भीड़ एवं गर्मी के बावजूद महिला अधिवक्ताओं की उपस्थिति काफी संख्या में रही। वहीं कुछ अधिवक्ताओं से बात किया गया तो पता चला कि कोषाध्यक्ष पद पर रणविजय सिंह की जीत लगभग सुनिश्चित है और कई पदों पर कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी । मतदान की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के साथ ही 150 सहायक चुनाव अधिकारी और अध्यक्ष, सचिव के कुल 20 प्रत्याशियों के एक-एक पर्यवेक्षकों ने किया। सुबह दस बजे से शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे तक चला। अधिवक्ता ड्रेस में बार एसोसिएशन द्वारा निर्गत पहचान पत्र के साथ मतदान के लिए वकील पहुंचे। लगभग 80 फीसदी मतदान हुआ है।

# हाईकोर्ट ने कहा स्वीकृति से पहले कभी भी वापस लिया जा सकता है इस्तीफा

**अखंड भारत संदेश**

### चार हफ्ते में सवेतन बहाल करने का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सरकारी कर्मचारी द्वारा दिया गया इस्तीफा स्वीकृति से पहले किसी भी समय वापस लिया जा सकता है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकल पीठ ने एटा जिले के अवागढ़ ब्लॉक के जूनियर बेसिक स्कूल मिजार्पुर में तैनात रहीं अध्यापिका पूर्णिमा सिंह की याचिका पर दिया। कोर्ट ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को याची की सेवा बहाली की तारीख तक की अवधि के लिए मिलने वाले वेतन की 25 प्रतिशत धनराशि चार महीने में भुगतान करने का आदेश दिया है।वकील का कहना था कि याची जूनियर बेसिक स्कूल मिर्जापुर, ब्लॉक अवागढ़, एटा में सहायक अध्यापक के रूप में तैनात थीं। याची अविवाहित थीं। स्कूल दूर होने की वजह से उन्हें आने-जाने में परेशानी होती थी। इसके लिए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एटा से अपनी तैनाती बदलने की गुहार लगाई थी। उनकी गुहार पर विचार करने के बजाय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में तैनात क्लर्क ने एक मुद्रित पत्र और शपथ पत्र प्रदान किया और उनसे उन कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा।आश्वासन दिया कि अगली काउंसलिंग में ऐसे कागजात के आधार पर उनकी पोस्टिंग बदली जा सकती है। उन्होंने उस पर हस्ताक्षर किए और पांच फरवरी, 2021 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में जमा कर दिया। उन्हें अहसास हुआ कि उनकी ओर से प्रस्तुत पत्र व शपथ पत्र की सामग्री सहायक शिक्षक के पद से उनके इस्तीफे के समान है। इसलिए उन्होंने उसी दिन एक और आवेदन जमा कर-के इस्तीफा वापस ले लिया।

**इस्तीफा वापस लेने के बावजूद त्यागपत्र स्वीकार कर लिया**

उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखकर स्थिति स्पष्ट की। फिर भी 31 मार्च, 2021 को उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से भेजे गए आदेश की एक प्रति दी गई, जिससे याची को पहली बार पता चला कि सहायक अध्यापक के पद से उनका इस्तीफा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एटा ने स्वीकार कर लिया है, जिसे याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। उन्होंने इस आधार पर अदालत का रुख किया कि एक बार जब उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया तो उपयुक्त प्राधिकारी के पास इस्तीफा स्वीकार करने का कोई कारण नहीं था। अदालत के समक्ष, उनके वकील ने यूपी सरकारी सेवक इस्तीफा नियम, 2000 के नियम 7 पर भरोसा किया, जिसमें यह स्पष्ट रूप से प्रावधान किया गया है कि एक सरकारी कर्मचारी नियुक्ति प्राधिकारी को इसकी स्वीकृति से पहले लिखित रूप में अनुरोध करके अपना इस्तीफा वापस ले सकता है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एटा को निर्देश दिया कि याची को चार सप्ताह के भीतर जूनियर बेसिक स्कूल मिर्जापुर, ब्लॉक अवागढ़, जिला एटा में सहायक अध्यापक के पद पर सवेतन बहाल करें और चार माह में बकाया वेतन अदा करें।

# मेलाधिकारी ने देखी कराये जा रहे महाकुंभ के कार्यों की हकीकत

### बेली और टीबी हॉस्पिटल में चल रहे कार्यों को समय से पूरा करने का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारी तेज हो गई है। पिछले दिनों शासन की नाराजगी के बाद जिले के अफसर भी सक्रिय हो गए। आज बुधवार को महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद संबंधित अधिकारियों के साथ सरकारी अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्यों की हकीकत देखने पहुंचे थे।सबसे पहले वह तेलियरगंज स्थित जिला क्षय रोग अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां बन रहे प्राइवेट वार्ड आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, महाकुंभ मेले में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया से श्रद्धालु स्नान करने के लिए आएंगे। ऐसे में श्रद्धालु को किसी तरह की असुविधा न हो इसे ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण चल रहा है।



**समय से काम करें पूरा**

मेलाधिकारी विजय किरण आनंद तेज बहादुर सप्रू अस्पताल का भी निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां ब्लड बैंक में चल रहे कार्यों को देखा। अस्पताल परिसर में तीमारदारों के लिए बनी इमारत को देखा। अस्पताल के पिछले हिस्से में बन रहे प्राइवेट वार्ड की बिल्डिंग को भी देखा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन के अधिकारियों से बेहतर करने पर जोर दिया।उन्होंने कार्य करने वाले ठेकेदार को निर्देशित किया कि समय से और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा किया जाय। यहां एडीएम विवेक चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सपा ने गठबंधन दलों से समन्वय के लिए पदाधिकारियों को किया नामित जल्द बुलाई जाएगी बैठक

**प्रयागराज।** इण्डिया गठबंधन में शामिल दलों से बात चीत के लिए समाजवादी पार्टी ने जिले के वरिष्ठ पदाधिकारियों को नामित किया है। प्रदेश कार्यालय से इनके नामो पर मुहर लगा दी गई है। इलाहाबाद संसदीय सीट कांग्रेस, फूलपुर पर समाजवादी पार्टी एवं भदोही लोकसभा सीट पर तृण मूल कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। सपा के जिला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार जिले की सभी बारह विधानसभाओं में क्रमशः प्रतापपुर एवं हंडिया जो कि लोकसभा क्षेत्र 78 भदोही में शामिल हैं के लिए जीतलाल यादव,विधानसभा फाफामऊ, सोराव, फूलपुर के लिए राम अवध पाल,शहर की तीनों विधानसभाओं के लिए इसरार अंजुम एवं मेजा, करछना, बारा, कोराव के लिए जय शंकर भारतीय को नामित किया गया है। बुधवार को सपा कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव में गठबंधन के सभी प्रत्याशियों की जीत के लिए समन्वय समिति बनाने एवं विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा की गई। शीघ्र ही सभी दलों के प्रत्याशियों,नेताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक में बूथ स्तर तक तैयारियों और आपसी सहयोग के साथ हर स्तर पर चुनाव के परिणाम को गठबंधन के पक्ष में करने के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राम अवध पाल, मिडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर,जगदीश यादव, नाटे चौधरी, श्याम सूरत सरोज, राकेश यादव,मो. अरशद आदि रहे।

# पच्चीस रमजान (शुक्रवार) को शहर भर की मस्जिदों में होगी जुम्मतुल विदा की नमाज

**प्रयागराज।** तीन भागों में बंटे माहे रमजान के अशरा ए रहमत मगफिरत और निजात का होता है। पहला और दूसरा अशरा समाप्त होने के बाद अब निजात का अशरा भी आखरी पड़ाव पर है।तेईस रोजे मुकम्मल हो गए।अब कुछ दिन ही ईद को रह गए हैं।पच्चीस माहे रमजान (पांच अप्रैल) को माहे रमजान का चौथा जुमा यानि जुम्मतुल विदा होगा ऐसे में शहर की सभी अहले सुन्नत व शिया जमात की मस्जिदों चौक जामा मस्जिद ,शाह वसी उल्ला मस्जिद ,अबु बकर मस्जिद ,दायरा शाह अजमल की खानकाह मस्जिद सहित अन्य मुहल्ले में जुम्मतुल विदा की विशेष नमाज तय समय १२:१५ से २:३० बजे तक मस्जिदों के पेशइमामों की कयादत में अदा की जायगी वहीं शिया समुदाय की जुम्मतुल विदा की नमाज चक जीरो रोड स्थित शिया जामा मस्जिद ,करैली मस्जिदे बीबी खदीजा ,सैदपूर की मस्जिद ,दांदूपूर की मस्जिद और प्रीतमनगर की मस्जिद में अकीदत से अदा की जायगी।

**दरियाबाद के कदम रसूल में शफकत अब्बास पाशा के रोजा इफ्तार में जुटे लोगों ने मांगी अम्न ओ अमान की दुआ :** दरियाबाद और बलुआघाट जैसी घनी हिन्दू और मुस्लिमों की मिक्स आबादी में स्थित कदम रसूल मस्जिद में मानव गौ सेवा संस्थान और फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल सोसायटी के शफकत अब्बास पाशा के संयोजन में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।जिसमें तमाम धर्मों के लोगों ने एक साथ रोजा खोल कर एकता का संदेश दिया ।रोजा इफ्तार के साथ नमाज भी अदा कराई गई।बाकर नकवी , सैय्यद अजादार हुसैन ,हसन नकवी ,नजीब इलाहाबादी , रौनक सफीपुरी ,मशहद अली खान ,अजमत अब्बास ,काशिफ आगा रिजवी , यासिर सिब्तैन , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,पंडित मधुकर मिश्रा ,रतन खरे , नरेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# बेली अस्पताल की ओपीडी हाउसफुल

**अखंड भारत संदेश**

### सप्ताह में एक दिन चलती है न्यूरो सर्जन की ओपीडी, गर्मी बढ़ने से अस्पतालों में भीड़ बढ़ी



**प्रयागराज।** होली के बाद से सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। यही स्थिति आज बुधवार को तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल में रही। यहां न्यूरो व आर्थोपेडिक डॉक्टर की ओपीडी में मरीजों की संख्या ज्यादा पहुंच गई। डॉक्टर तक पहुंचने के लिए मरीज व तीमारदार आपस में लड़ते झगड़ते दिखे।वहीं फिजिशयन की ओपीडी में भी मरीजों की लंबी कतार रही। 1600 मरीज आज इस अस्पताल में पहुंचे थे। ओपीडी में बैठे डॉक्टर भी इससे बेहाल दिखे। न्यूरो सर्जन की ओपीडी में लंबी कतार रही। दरअसल, न्यूरो सर्जन सप्ताह में सिर्फ एक दिन ही बेली में आते हैं।

**सिर्फ एक घंटे ही चलती है ओपीडी :** न्यूरो संबंधित मरीजों की सहूलियत के लिए यहां दूसरे अस्पताल से न्यूरो सर्जन डॉ. अशोक कुमार आते हैं। वह प्रत्येक बुधवार को ओपीडी में बैठते हैं, उनकी ओपीडी में बैठने की टाइमिंग महज एक घंटे ही है। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक रहते हैं। यही कारण है कि उनकी ओपीडी के बाहर मरीजों की भीड़ सबसे ज्यादा होती है। यही हाल आर्थोपेडिक सर्जन की ओपीडी में हुई है। बच्चों की ओपीडी में भी बीमार बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। गर्मी बढ़ने से बच्चे भी ज्यादा बीमार हो रहे हैं।

## विश्व विद्यालय शिक्षकों के लिए बेली कालोनी में 16 वर्षों से अधूरे पड़े मकानों का निर्माण पूरा, कुलपति ने किया उद्घाटन शिक्षकों को आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू




**प्रयागराज।** विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए आवास सुविधा को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई। बेली कॉलोनी में 16वर्षो से अधूरे बन कर छूटे मकानों के निर्माण को पूरा करवा दिया गया है। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव द्वारा इन सभी का उद्धाटन किया गया। इनको शिक्षकों को आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नए बने मकानों में 6 मकान प्रोफेसर के लिए, 8 एसोसिएट प्रोफेसर के लिए और 16 एसिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हैं। बेली कॉलोनी में 16 वर्षों से इन आवासों का निर्माण कार्य रुका हुआ था। नए शिक्षकों की भर्ती के साथ ही देश के अनेक स्थानों से आए शिक्षकों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में इनको पूरा करने के प्रयास किए गए और अब ये आवंटन के लिए तैयार हैं।

**आवश्यकता है**

श्री श्रीधर सिंह यादव पी0जी0 कालेज, गोसौराकला, मेजारोड प्रयागराज में निम्न सहा. आचार्यों की आवश्यकता है-

बी0काम0- (वाणिज्य संकाय स्नातक स्तर) - (3 पद)

बी0ए0- अंग्रेजी, हिन्दी साहित्य - (प्रत्येक 1 पद)

बी0एस0सी0- जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित- (प्रत्येक 1 पद)

एम0ए0- शिक्षाशास्त्र, समाज शास्त्र, संस्कृत - (प्रत्येक 2 पद)

एम0एस0सी0- रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित - (प्रत्येक 2 पद)

योग्यता/वेतन- प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय व यूजीसी के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

E-mail id- shridharal95@gmail.com

प्रबंधक

महेन्द्र सिंह, मो0: 7704047016

# ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से मासूम छात्र की मौत

## कोर्ट के आदेश की अनदेखी, खामियाजा मौत पर मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली ने मासूम छात्र को कुचल दिया। मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। ईंट से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। वहीं बार-बार हो रही घटना के बाद भी प्रशासन नियमो का पालन करवाने में असफल दिखाई दे रहा है।



शुभ मिश्र (फाइल फोटो)

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के असैनापुर निवासी स्वर्गीय राजमणि मिश्र का ग्यारह वर्षीय बेटा शुभ मिश्र वर्मा नगर स्थित यमुना प्रसाद उच्चतर माध्यमिक स्कूल का कक्षा पांच का छात्र था। बुधवार की सुबह शुभ साइकिल से स्कूल जा रहा था,वह जैसे वर्मा नगर चैराहे पर पहुंचने वाला था कि उससे पहले ही ईंट लेकर जा रहा ट्रैक्टर ने साइकिल सवार मासूम छात्र को कुचल दिया,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।वही लोग पुलिस की मनमानी पर भी चर्चा करते दिखाई दिए। हाईकोर्ट की पाबंदी के बाद भी पुलिस गैर कृषि कार्य में संचालित ट्रैक्टरों के साथ ही माल वाहनों पर ढोई जा रही सवारियों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।जिसका परिणाम यह है कि आए दिन मौत पर मौत हो रही है।

### जिसने सिखाया जीना उसी ने किया बेसहारा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मृतक मासूम शुभ के पिता राजमणि मिश्र की बीमारी के चलते लगभग चार वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। राजमणि की विधवा शीला के जीवन में शुभ का ही सहारा था।शुभ की आस में विधवा ने पति की मौत के बाद आगे की जिंदगी जीना सीखी, लेकिन अब शुभ की मौत के बाद इस दुनिया में उसे सहारा देने वाला कोई नहीं रहा।

# महिला सहित दो की पिटाई का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक को रास्ते में रोक कर मारने पीटने लगे। किसी तरह वह जान बचाकर घर में भागा तो घर में घुसकर मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने के लिए मां आई तो उसे भी लाठी डंडों से मारपीट कर लहू लुहान कर दिए। हल्ला गुहार पर आस-पास के लोगों को आता देख हमलावर युवको ने जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाली क्षेत्र के सुमतपुर गांव की रहने वाली उर्मिला देवी पत्नी देवी प्रसाद पांडेय ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ बच्चों से हमारे बच्चों से विवाद हो गया था। उसी के चलते मंगलवार की देर रात्रि आरोपित युवक अपने साथियों के साथ रास्ते में रोक कर युवक को पीटने लगे। युवक किसी तरह जान बचाकर घर में भागा तो घर में घुसकर मारने पीटने लगे। यह सब देख मां बचाने के लिए आई तो उसे भी लाठी डंडों से मार पीट कर लहू लुहान कर दिए। वही हल्ला गुहार होने पर आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह पीड़ितों की जान बची। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया है कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है और सत्यता के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापार मण्डल ने अधिशाषी अधिकारी से मिलकर विद्युत व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने की उठाई मांग

## राजेन्द्र केसरवानी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारी मिले अधिकारी से

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में जिला महामंत्री संजय सोनी, संगठन मंत्री विष्णु सिंह (सोमवंशी), ज़िला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल, नगर युवा कोषाध्यक्ष शकील अख्तर, मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो), नगर युवा महामंत्री प्रदीप यादव और नगर संगठन मंत्री आशीष सिंह आदि अन्य पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग अधिशाषी अधिकारी राम आसरे चैरसिया से उपभोक्ताओं के यहां लगने वाले नए स्मार्ट प्रीपेड विधुत मीटर की जानकारी लेने व विभागीय संबंधित जनसमस्याओं को अवगत कराने हेतु मुलाकात की।



अधिशाषी अधिकारी को मांग पत्र देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

इस दौरान व्यापारियों ने मांग की कि पंजाबी मार्केट, करामात उल्ला रोड, जी जी आई सी रोड, श्याम बिहारी गली आदि जैसे अन्य सभी सघन बस्ती वाले इलाकों में नंगे खुले तारों को बदल कर इंसुलेटेड कवर्ड वायर को लगाया जाय, जिससे पूर्व में हुए घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिस जगह हल्के ट्रांसफार्मर लगे हों, उन्हे बदलकर हैवी लोड का ट्रांसफार्मर लगे, जिससे छटपटाती गर्मी में ट्रांसफार्मर फुंकने की समस्या ना हो। मेन रोड अथवा गली कूचों में विद्युत खंभों पर अनावश्यक के झूलते, लटकते व बंधे हुए जर्जर तारों के मकड़जाल को हटाया जाए, जिससे विद्युत फॉल्ट कम हो। खंभों पर पुराने व टुकड़ों में जुड़े तारों को बदल कर नया इंसुलेटेड वायर लगे, जिससे गर्मी में विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो।

उपभोक्ताओं के अनर्गल आने वाले विद्युत बिलों पर विभाग सही करने के लिए ध्यान दे। नए स्मार्ट प्रीपेड विद्युत मीटर से मिलने वाली सुविधाओं और खूबियों को बताने के लिए कहा।

## आलापुर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का हुआ शपथ समारोह

**अखंड भारत संदेश**



सम्बोधित करते प्राचार्य शिवम श्रीवास्तव।

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के आलापुर मे मंगलवार को नव निर्वाचित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमे होली मिलन समारोह के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में रूप में डिग्री कालेज कालाकांक के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री शक्तिपीठ प्रतापगढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश ओझा रहे जिनकी अध्यक्षता में व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने शपथ ली शपथ समारोह के साथ होली मिलन का कार्यक्रम किया गया जिसमे होली को आपसी सद्भाव समरसता प्यार उल्लास का पर्व बताते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दी होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि ने नवगठित आलापुर व्यापार मंडल कमेटी के पदाधिकारी द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को आपसी समरसता बढ़ाने का एक अच्छा संदेश दिया है साथ ही उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी एकजुट होकर छोटे व्यापारियों की मदद के लिये आगे आए। मुख्य अतिथि ने आलापुर बाजार को क्षेत्र का प्रमुख बाजार होने के चलते एक सार्वजनिक शौचालय बनवाने के लिए व्यापार मंडल अध्यक्ष को सुझाव दिया ताकि आने जाने वाले लोगों को विशेष कर महिलाओं के लिए आवश्यक है उसे बनाया जाए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश ओझा ने कहा व्यापारी एकजुट होकर किसी व्यापारी के निधन व गरीब कन्याओं के विवाह पर व्यापार मंडल द्वारा विवाह भी कराए जाने का प्रस्ताव किया। कार्यक्रम का संचालन विनीत कृष्ण त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलापुर शंभू नाथ शुक्ला महामंत्री कुलदीप शुक्ला उपाध्यक्ष अवनीश पांडे अतीश अग्रहरि मनोज तिवारी फूलचंद केसरवानी सुरेश कुमार पांडे फारूक अहमद आदित्य पांडे सियाराम मौर्य सुनील तिवारी देवेंद्र कुमार श्रवण कुमार विपिन जायसवाल संदीप चैरसिया रामबाबू यादव कपूर केसरवानी नवल साहू प्रमोद कुमार नगगन अली समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की अर्टिगा कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी बरामद

## दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के टेडंगा कालोनी के पास से अर्टिगा कार सवार दो अभियुक्तों महताब अहमद पुत्र फारुख अहमद नि0ग्राम महुआर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व आदित्य प्रताप सिंह पुत्र दिनेश प्रताप सिंह नि0ग्राम कटरा मेदनीगंज थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ के पास से चोरी की एक अदद अर्टिगा कार जिस पर गलत नम्बर अंकित के साथ गिरफ्तार किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में अर्टिगा कार के साथ अभियुक्तगण।

एक अभियुक्त भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया जिसकी पहचान कर ली गई है शीघ्र ही उसको गिरफ्तार किया जायेगा। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0 103/2024 धारा 411, 420, 465, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि यह अर्टिगा कार चोरी की है, यह कार मेरे साथी जो मौके से भाग गया है उसने चुरायी थी, पकडे जाने के डर से अर्टिगा कार का नम्बर प्लेट बदल दिया था। पुलिस टीम में उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह मु0आरक्षी शत्रुंजय शर्मा, आरक्षी प्रशांत यादव थाना कोतवाली देहात, जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

# धोखाधड़ी के अभियोग से संबंधित वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

## 35 हजार रुपये पुलिस ने किये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** आरोपीगण द्वारा एक कंपनी के कर्मचारियों द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के विपरीत जाकर कंपनी द्वारा भेजे गये ग्राहकों के समान की एवज में प्राप्त पैसों को कंपनी के खाते में न डालकर अपनी भौतिक कार्यो में खर्च कर देने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर 02 अप्रैल 2024 को थाना नवाबगंज में मु0अ0सं0 37/2024 धारा 420, 406 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।



पुलिस की गिरफ्त में धोखाधड़ी के अभियुक्तगण।

इसी क्रम में थाना नवाबगंज से उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह का0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, का0 नीरज पटेल द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना नवाबगंज के मु0अ0सं0 37/2024 धारा 420, 406 भादवि से संबंधित दो वांछित अभियुक्त नीरज कुमार शर्मा पुत्र स्व0 लल्लन प्रसाद निवासी डंडौली, थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ व संजय कुमार पुत्र रामफेर निवासी लाटतारा थाना मानिकपुर, जनपद प्रतापगढ़ को धोखाधड़ी से संबंधित नकद 35 हजार रुपये के साथ थाना क्षेत्र नवाबगंज के बरियांवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो बताया कि हम लोग एक कंपनी के कर्मचारी हैं, हम लोगो ने कंपनी में पैसे जमा न करके गबन कर लिये हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह का0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, का0 नीरज पटेल थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ शामिल रहे।

## मुकदमें में सुलह न करने पर हुई मारपीट, पांच पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुकदमें में सुलह करने की बात को लेकर आरोपियो ने पीड़ित तथा उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले मे जांच के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। बभनपुर चकोदर गांव की प्रियंका पटेल पुत्री तुलसीराम पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनका गांव के मान सिंह आदि से रंजिश चली आ रही है। मामले मे मुकदमा भी विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि इक्तीस मार्च की शाम करीब साढ़े छः बजे आरोपित मान सिंह के पुत्र सुरेश कुमार उर्फ बड़कू, सोनू, उमेश पटेल व जगत पाल तथा राजबहादुर पुत्र वंशीलाल ने मुकदमे मे सुलह को लेकर पीड़िता व उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट किया। आरोपियो ने पीडिता के पिता तुलसीराम पटेल को कमरे मे बंद करके मारापीटा व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया। गंभीर चोट लगने से पीड़िता का पिता बेहोश हो गया। मामले में जांच के बाद पुलिस ने सुरेश कुमार समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## हत्या का आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दो भाईयों में हुई मारपीट की घटना के दौरान महिला की हुई मौत के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर के गोविन्दापुर गांव में होली के दिन डीजे के साउण्ड को कम करने को लेकर दो भाईयों के बीच हुई मारपीट के दौरान एक भाई की पत्नी की मौत हो गयी थी। मामले में आरोपी भाई शिवकैलाश व उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। वही मुकदमें के तीसरे आरोपी शिवकैलाश के पुत्र दीपक उर्फ शेरा को पुलिस ने बुधवार की सुबह गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। एसओ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पाण्डेय का पुरवा पतुलकी से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## सेना के अधिकारी का घर खंगाल ले गए चोर, लाखों की चोरी, पर उदासीन है जेठवारा पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र की नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के निवासी सत्यार्थ प्रकाश सिंह अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना के अधिकारी हैं, उनका परिवार भी उनके साथ रहता है। दो दिन पूर्व वह अपने घर आए और दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर की सारी चीजें अस्त-व्यस्त पड़ी है। अलमारी, पेटी, अटैची, बक्सा आदि टूटे पड़े हैं। कपड़े फर्श पर बिखरे हैं। तथा सभी कमरों के दरवाजे भी खुले पड़े हैं। घर में चोरी होने की घटना की लिखित सूचना पुलिस चैकी कटरा गुलाब सिंह को दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर पूंछ तांछ भी किया। मौके की पड़ताल से पता चला कि महीनों से बंद पड़े घर में छत के रास्ते अंदर घुसे चोरों ने जेवर, कपड़े व घरेलू सामान आदि लेकर लाखों का सामान आराम से पार कर दिया और पड़ोसियों को भनक भी नहीं लगी। चोरों ने बैटरी, इन्वर्टर के साथ बाइक की बैटरी भी नहीं छोड़ा। फौजी सत्यार्थ प्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना में लगभग 18 से 20 लाख की क्षति हुई है। सेनाधिकारी के यहां हुई चोरी की घटना को लेकर जेठवारा पुलिस की गंभीरता अभी नजर नहीं आ रही है। अब तक हुई क्षेत्र में दर्जनों चोरियों की तरह पुलिस इसे भी ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। फौजी सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि दो दिन के बाद वह पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से मिलकर मामले में स्थानीय पुलिस की उदासीनता और घटना के शीघ्र खुलासे के लिए प्रार्थना पत्र देंगे।

# प्रधान के भाई पर जानलेवा हमले का प्रयास, बाल-बाल बचा युवक

## दो बाइक पर सवार चार लोगों ने की फायरिंग

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी प्रधान सुशील शुक्ला के छोटे भाई पर शाम के समय खनवारी नहर के पास दो बाइक सवार लोगों ने जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला कर दिया। प्रधान का भाई अपनी कार से अपने घर जा रहे थे तभी दो बाइक सवार युवकों ने उनके ऊपर फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर मौके पर वीडिओ मच गया। हमले में बाल बाल बचे प्रधान के भाई के ऊपर हुयी फायरिंग की आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीण तो हमलावर भाग निकले।

प्रधान खनवारी सुशील शुक्ला ने संग्रामगढ़ पुलिस को घटना की सूचना दिया तो मौके पर पहुंची संग्रामगढ़ पुलिस घटना की जांच शुरु कर दिया लेकिन प्रधान के भाई पर हुए हुए हमले को लेकर प्रधान के समर्थकों मे आक्रोश पनप उठा है।

बता दें की प्रधान सुशील शुक्ला का भाई गुड्डू कल शाम को खनवारी नहर से अपने घर के लिये निकला तभी दो बाइक पर सवार चार लोगों ने उन पर गोली चला दिया। हालांकि प्रधान का भाई हमले मे बाल बाल बच गया लेकिन सरे शाम हुयी घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। पीड़ित ने कुछ लोगों को नामजद करते हुए चार लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है। संग्रामगढ़ पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दिया है। राजा भैया के प्रबल समर्थक प्रधान के भाई पर हुए हमले से समर्थक खासे नाराज है।

# रंगदारी करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त सिम बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र रानीगंज के एक सर्राफा व्यवसायी को 22 मार्च 2024 को तीन मोटर साइकिल सवार पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसका पीछा कर धमकी दी गयी थी व 29 मार्च को उसके मोबाइल नम्बर पर कॉल कर 40 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी थी। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रानीगंज में मु0अ0सं0 98/2024 धारा 386, 507 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 श्री सुनील कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान प्रकाश में आया अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 98/2024 धारा 386, 507 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त विकर्ण सिंह रतन उर्फ कृष्ण उर्फ सिण्टू पुत्र छेदीलाल नि0ग्राम मुरादगंज थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर को घटना में प्रयुक्त सिम के साथ थानाक्षेत्र रानीगंज के बभनमई तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## चार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने चार वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके जेल भेज दिया पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है। नवाबगंज उप निरीक्षक गुलाब सिंह ने अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं मे फरार चल रहे अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र अमरेश बाजिदपुर निवासी जंग बहादुर पुत्र कंधई वर्मा वाजिदपुर निवासी व दीपक पुत्र कंधई वर्मा निवासी बाजिदपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को न्यायालय भेजा।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे में बैंक व भीड़भाड़ वाले इलाके में पट्टी कोतवाल की महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षियों द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व छात्राओं को जागरूक करने के साथ ही हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान थाने की महिला उपनिरीक्षक अर्चना व ज्योति सविता के साथ महिला आरक्षी कल्पना, कीर्ति शुक्ला, रिंकी सोनकर, गायत्री समेत उपनिरीक्षक रोहित यादव, हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी, धर्मदेव ने कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर पहुंच महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के साथ ही अन्य हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 181, 108, 102 समेत तमाम जानकारियां देते हुए महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया।

# 41 किलो गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

## गांजा के धंधे में लगे अभियुक्त पहले भी कई बार जा चुके हैं जेल



**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के पास बाइक सवार दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से दो बोरे में 41 किलो गांजा पुलिस ने बरामद किया है पकड़े गए दोनों लोगों को पुलिस महेवाघाट थाने लेकर गई और उनके खिलाफ मुकदमा की लिखा पढ़ी करने के बाद अदालत में पेश किया है जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है पकड़े गए आरोपी पहले से गांजा का व्यवसाय करते है और इसके पहले महेवा घाट थाना सराय अकिल थाना लखनऊ जनपद के थाने सहित चित्रकूट जनपद के मऊ थाना से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था पकड़े गए आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई हो चुकी है इनकी संपत्ति भी पुलिस ने जप्त कर ली है लेकिन पेशेवर अपराधी गाँजा का व्यवसाय छोड़ने को तैयार नहीं है इनका सरगना कौन है उसकी तलाश किए जाने की जरूरत है। जानकारी के मुताबिक 3 अप्रैल को महेवा घाट थाना के उप निरीक्षक गौरव त्रिवेदी क्षेत्र भ्रमण पर थे इसी बीच दो बाइक में दो बाइक सवार बोरे में कुछ लेकर तेज गति से आते हुए दिखाई पड़े उप निरीक्षक को आशंका उत्पन्न हुई उन्होंने दोनों बाइक सवार को रोक लिया और जब बाइक में रखे बोरे की पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मालूम चला कि दोनों बोरे में गाँजा हैं पुलिस ने गांजा का बोरा बाइक सहित पकड़े गए आरोपियों को महेवा घाट थाना लेकर पहुंची पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान अर्पित कुमार मिश्रा पुत्र उमेश कुमार मिश्रा निवासी मिश्रपुर डहिया थाना सराय अकिल और शिव बोध मिश्रा उर्फ शिब्बू पुत्र श्याम मिश्रा निवासी बसुहार थाना सराय अकिल के रूप में हुई है वजन करने के बाद दोनों बोरे में 41 किलो गांजा बरामद हुआ है जिसकी कीमत लाखों में बताई जाती है पुलिस ने गांजा अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाने में मुकदमा पंजीकृत कर अदालत में पेश किया है जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है अभी कुछ दिन पहले ही दोनों आरोपी जेल से जमानत पर बाहर आए है और फिर गांजे के धंधे में लिप्त हो गए है।

### रिमांड पर लेकर गाँजा माफियाओं के नेटवर्क को करना होगा ध्वस्त

महेवा घाट थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के पास दो बाइक सवारो से 41 किलो गांजा बरामद होने के बाद एक बार फिर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर इन बाइक सवारों को गाँजा देने वाला माफिया कौन है और यह किसके यहां गांजा सप्लाई करने जा रहे थे इस मामले में यदि पुलिस ने अपनी जांच की दिशा आगे बढ़ाएगी तो इन्होंने गाँजा किस माफिया से खरीदा है उसकी भी गिरफ्तारी होगी और गांजा किस माफिया को बेचने जा रहे थे उसकी भी गिरफ्तारी होगी आरोपियों को रिमांड पर लेकर इनसे कड़ाई से पूछताछ कर गाँजा के नेटवर्क को पुलिस को तोड़ना होगा इन्हें गांजा बेचने वाले और उनसे गाँजा खरीदने वालों को भी पुलिस को गिरफ्तार कर जेल भेजना होगा जिस रास्ते से यह आते हुए दिखाई पड़े हैं उस रास्ते में कई जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और यदि पुलिस ने उनके आने वाले रास्ते के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो उनके आने वाले स्थान भी चिन्हित हो सकता है जिससे माफियाओं तक पहुंचने में पुलिस को आसानी होगी।

### आबकारी से गहरे रिश्ते हैं गाँजा माफियाओं के

गांजा की तस्करी में लगे लोगों को आए दिन थाना पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी चैन की ढपली बजा रहे हैं उन्हें गाँजा की बिक्री करने वाले माफियाओ की जानकारी नहीं मिल पाती हैं सूत्रों की माने तो गांजा माफिया आबकारी निरीक्षक और अधिकारियों के संपर्क में है और अक्सर दोनों की मुलाकात को लोग देखते हैं 03 अप्रैल को महेवा घाट थाना पुलिस द्वारा 41 किलो गांजा बरामद किए जाने के बाद एक बार फिर आबकारी बिभाग की निष्ठा पर सवाल खड़ा हो गया है आखिर गांजे का इतना बड़ा व्यवसाय कौशाम्बी जिले की धरती में फल फूल रहा है और आबकारी अधिकारी को भनक तक नहीं लग रही है।

आखिर आबकारी अधिकारी की क्या जवाब देही है गाँजा बिक्री रोकने पर उनकी क्या जिम्मेदारी है इस बात का उत्तर आबकारी विभाग के अफसर के पास नहीं है चचाओं पर जाए तो आबकारी विभाग के अफसर के संरक्षण में गांजा माफिया पल रहे हैं जिससे आबकारी विभाग गाँजा के व्यवसाय को बंद करने का प्रयास नहीं कर रहा है इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर गांजा के धंधे से जुड़े पूरे रैकेट को बेनकाब करने की जरूरत है।

# बीएलओ एवं लेखपालों को दिया गया सामान्य प्रशिक्षण





**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा बीएलओ एवं लेखपालों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में उनके कार्यों/ दायित्वों से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बीएलओ से कहा कि 15 मई 2024 तक मतदाता पर्ची का नियमानुसार वितरण करना सुनिश्चित करें। मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को दिया जाना है एवं प्रत्येक परिवार को एक मतदाता गाइड का वितरण किया जाना हैं। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्शन ड्यूटी प्रमाण-पत्र (ईडीसी) के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी।ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा बीएलओ एवं लेखपालों को ईवीएम से सम्बन्धित जानकारी/ प्रशिक्षण तथा सामान्य प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं एसडीएम मंझनपुर आकाश सिंह उपस्थित रहे।

## मतदान केन्द्र का भ्रमण कर डीएम एसपी ने अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ मतदान केन्द्र-प्राथमिक विद्यालय ओसा प्रथम, प्राथमिक विद्यालय ओसा द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय सरसवॉ, प्राथमिक विद्यालय टेवां, उच्च प्राथमिक विद्यालय जाजौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय रक्सवारा तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय म्योहर का भ्रमण कर आधारभूत सुविधाओं यथा-पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं रैम्प आदि वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शौचालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाय। उन्होंने मतदान केन्द्र पर उपस्थित बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता पर्ची एवं मतदाता गाइड का वितरण समय से करना सुनिश्चित करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय।भ्रमण के दौरान उप जिलाधिकारी आकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी सतेंद्र प्रसाद तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गर्मियों में किसान भाई खेत की गहरी जुताई अवश्य करें : उप कृषि निदेशक

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने किसान भाइयों को सूचित किया है कि अप्रैल में रबी सीजन की फसलो की कटाई के उपरान्त मई, जून माह में खाली खेतो की जुताई के अनेक फायदें है। एक तरफ जहाँ मृदा संरचना में सुधार होता है, वहीं दूसरी तरफ हानिकारक कीटो के लार्वा व अण्डे नष्ट हो जाते हैं। मृदा में अच्छी तरह वायु संरचना हो जाती है, इससे खरपतवार कम हो जाते हैं, जिससे आगामी फसलों के लिए जुताई तथा खरपतवार के लिए ज्यादा व्यय भार कृषको पर नहीं पडता हैं। उत्पादन को भी 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता हैं। जल शोषण व जल धारण क्षमता अधिक हो जाने से पानी की बचत होती है। इस सीजन में जुताई से फसल अवशेष खरपतवार भी नीचे दब कर खेत में जीवाष्म/कार्बनिक खादो में बढ़ोतरी करते हैं, जिससे भूमि की संरचना में सुधार होता है। ग्रीष्म कालीन जुताई करने से खेत के मौजूद खनिज अधिक सुगमता से ऊंची मेंड जरूर बनाये, मेड बनाने से वायु तथा बारिश के जल द्वारा मिट्टी का क्षरण नही होता है। खेत वर्षा का जल सोख लेता है। किसान भाई अधिक उत्पादन पाने के लिये ग्रीष्म कालीन जुताई अवश्य करें।

## ग्रामीण जलापूर्ति के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में ग्रामीण जलापूर्ति के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों का रिबोर कार्य की कार्यवाही तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि सामान्य मरम्मत वाले हैण्डपम्पों को तत्काल ठीक कराया जाय, जिससे कहीं पर जलापूर्ति बाधित न होने पायें। उन्होंने अधिशसी अभियंता, नलकूप के अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ने अवगत कराया कि जनपद की सभी पाइप पेयजल परियोजनाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिये आवश्यक प्रबंध किये जा रहें हैं। अधिशासी अभियंता, सिचाई ने अवगत कराया कि वर्तमान समय में नहरों में पानी चल रहा है और किसानों को पानी की आवश्यकता नहीं है, इसलिये तालाबों में पानी भरने का काम शुरू कर दिया जायेंगा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 17 अप्रैल तक तालाबों में पानी भरने का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। सहायक अभियन्ना, नलकूप ने अवगत कराया कि 317 नलकूप क्रियाशील हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्थित तालाबों को भराया जायेंगा।मुख्य विकास अधिकारी ने जल-जीवन मिशन के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा करते हुए एजेन्सी जेएमसी एवं बाबा कन्स्ट्रक्शन के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों का सत्यापन ग्रामीण क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों से साप्ताहिक रूप से कराया जायेंगा।

## अवैध परिवहन ओवर लोडिंग पर टास्क फोर्स ने 15 वाहनों पर की कार्यवाही

कौशाम्बी। डीएम के निर्देशानुसार तथा पुलिस अधीक्षक, कौशाम्बी के कुशल मार्गदर्शन से जनपद कौशाम्बी में विगत दो दिनों में टास्क फोर्स एसडीएम, सीओ, डीएमओ व एआरटीओ द्वारा 15 वाहनों को उपखनिज बालू/ मोरम, गिट्टी के अवैध परिवहन / ओवरलोडिंग में संलिप्त पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित थाना की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसके अतिरिक्त खनन टास्क फोर्स द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद में अवैध परिवहन ओवर लोडिंग पर कार्यवाही करते हुये लगभग 1325 वाहनों से लगभग रू0-565.00/- लाख की वसूली जुमार्ने के रूप में वसूल करते हुये राज्य सरकार के खाते में जमा कराया गया है तथा 15 प्रकरणों पर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया एवं 131 प्रकरणों पर सक्षम न्यायालय में परिवाद दाखिल कराया गया है।

# अपराधियों को पकड़ने के बजाय पीड़ितों की जुबान बंद करते हैं क्षेत्राधिकारी चायल

**छेड़खानी की शिकार किशोरी को पुलिस चौकी और थाना से न्याय ना मिलने पर सीओ ने भी फटकार कर भगाया**



**कौशांबी।** छेड़खानी की शिकार किशोरी को चौकी पुलिस और थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर न्याय की आश लेकर क्षेत्राधिकारी चायल के पास किशोरी गई लेकिन क्षेत्राधिकारी चायल से भी किशोरी को न्याय नहीं मिल सका है उसे डांटकर भगा दिया गया है अपराधियों को पकड़ने के बजाय क्षेत्राधिकारी पूरा रुआब पीड़ित पर जमाते हैं पीड़ित किशोरी के साथ क्षेत्राधिकारी चायल की भाषा शैली ठीक नही थी जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि क्षेत्राधिकारी चायल वर्दी के घमंड में चूर हैं और वह अपने आपको जनता का सेवक कम तुर्रम खां ज्यादा समझते हैं। उच्च पद पर बैठा अधिकारी ही वर्दी के घमंड में चूर होकर जब अपने आपको तुर्रम खां समझने लगेगा तो पीड़ित लोगों को न्याय मिल पाना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव हो जाएगा। पीड़ित के प्रति किसी अधिकारी की भाषाशैली ही उसके बुद्धिमत्ता को प्रदर्शित करती है। सीओ की लापरवाही का आलम यह है कि पूरे चायल सर्किल क्षेत्र में संगठित अपराध तेजी से फल फूल रहा है और उसके बाद यह थाना पुलिस चौकी पुलिस पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं आखिर संगठित अपराध को रोकने की जवाब देही क्या क्षेत्राधिकारी की नहीं है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कनैली चौकी अंतर्गत एक गांव में दिनांक 29/3/2024 को अनुसूचित जाति की एक किशोरी के साथ छेड़खानी की घटना घटित हुई है। तत्काल उसी दिन पीड़ित किशोरी के परिजन कनैली चौकी में लिखित शिकायत देकर सराय अकिल थानाध्यक्ष को सूचना दिए फिर भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। कार्यवाही न होने के कारण किशोरी के परिजन क्षेत्राधिकारी चायल के पास शिकायती पत्र लेकर गए तो पीड़ित किशोरी की पूरी बात सुनने से पहले ही क्षेत्राधिकारी किशोरी के ऊपर भड़क गए। क्षेत्राधिकारी की उत्तेजना देखकर यह प्रतीत हुआ कि क्षेत्राधिकारी चायल अपने आपको जनता का सेवक कम तुर्रम खां ज्यादा समझते हैं। अपने आपको तुर्रम खां समझने वाले क्षेत्राधिकारी से पीड़ितों को कैसे न्याय मिलेगा।

## न्यूज झरोखा

### राज्य सभा सांसद संजय सिंह की रिहाई पर पूजा के बाद लोगों के बीच बाटी गई मिठाई



**कौशाम्बी।** जिले के नेवादा में आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्चना गौतम एवम उपाध्यक्ष जगत नारायण प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जेल से रिहाई मिलने पर खुशी का इजहार जाहिर करते हुए भगवान शिव के प्राचीन मंदिर में पूजा करके पीपल वृक्ष की पूजा की गई और दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल की जल्द रिहाई की मन्नत मांगते हुए लड्डू का प्रसाद बांट कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने आपस में मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन की चर्चाएं करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार लोक सभा चुनाव में डर के कारण आम आदमी पार्टी के बड़े - बड़े नेताओं को जेल भेज रही है, लेकिन हम लोग डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संजय सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बीजेपी से फाइट करते हुए अपने कैंडिडेट मैदान में उतार कर चुनाव लडेंगे और जीत हासिल करेंगे। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

### उ.प्रा. विद्यालय टेंगाई बना लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार केंद्र



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय टेंगाई की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है विद्यालय पहुंचने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है विद्यालय के हेड मास्टर की करतूत से विद्यालय पढ़ने आने वाले छात्र छात्राएं और उनके अभिभावक परेशान दिखाई पड़ रहे हैं बताया जाता है कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षा व्यवस्था के बजाय जमीन खरीद बिक्री का व्यवसाय करते हैं यह सरकारी विद्यालय शिक्षा केंद्र के बजाय जमीन खरीद बिक्री का व्यवसाय केंद्र बन गया है जिससे इस सरकारी विद्यालय की पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है इतना ही नहीं विद्यालय में इन दिनों लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होती है अपने समर्थक प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार विद्यालयों से किया जा रहा है मोबाइल फोन पर पूरे दिन चुनाव की चर्चाएं होती हैं जिससे परिषदीय विद्यालयों की पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट होती दिख रही है एक जमीन के मामले को लेकर ग्रामीणों से नोक झोक के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षक की करतूत खुलकर सामने आ गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले को लेकर अभी तक खंड शिक्षा अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दोषी शिक्षक पर कार्यवाही नहीं किया है इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया है लेकिन संपर्क न होने से उनके द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं हो सकी है

### आरएसएस ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**कौशांबी।** नगर पंचायत सराय अकिल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा सराय अकिल कस्बे के सब्जी मंडी प्राइमरी स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूम धाम से किया जिसमें सैकड़ो लोग मौजूद रहे सराय अकिल की ऐतिहासिक साप्ताहिक होली का लोगों ने गीत के माध्यम से सभी लोगों को बताया गया तथा होली पर सभी लोगों ने अपने घरों से निकल कर पूरे नगर पंचायत की चचाएँ किया कहा हम सब लोग होली मिलन समारोह में शामिल होकर ऐतिहासिक पर्व मना रहे है एह पर्व एक दूसरे को जोड़ने का काम करते हुए आपसी बैर भाव को मिटाता है इस मौके पर सूबेदार तथा खंड संघ चालक पुरुषोत्तम कृष्ण देव व अन्य स्वयंसेवक सतीश ओमप्रकाश जाटव संतोष तथा पूर्व जज लाल बहादुर सिंह पूर्व सभासद नरोत्तम दास अग्रहरि विकास कुमार गुप्ता शिव बाबू केसरवानी रमेश चंद्र स्वर्णकार दिलीप अग्रहरि गौरी शंकर मोदनवाल सुनील सोनी सभासद प्रतिनिधि जगदीश बधिक कृष्णा केसरवानी नरेश अग्रहरि उपस्थित रहे।

### पैरा मिलिट्री फोर्स का कोखराज एसओ ने किया स्वागत



**कोखराज कौशाम्बी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कोखराज थाना क्षेत्र में मणिपुर से पैरामिलिट्री फोर्स भेजी गई है थाना क्षेत्र में पैरा मिलिट्री फोर्स के पहुंचने के बाद कोखराज थानेदार ने उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया है पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने क्षेत्र की स्थितियों के बारे में कोखराज थानेदार से वार्ता कर गतिविधियों की जानकारी ली है फोर्स के जवानों ने आम जनता से कहा कि वह निर्भीक होकर निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव में मतदान करें और कहीं किसी प्रकार की दिक्कत आने पर वह अवगत कराए लोकसभा चुनाव की समस्त दिक्कतों को दूर किया जाएगा बुधवार को जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर पैरामिलिट्री फोर्स पहुंची पैरामिलिट्री फोर्स के चीफ को एसओ कोखराज इन्द्र देव ने मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया और बुके दे कर उनका स्वागत किया।

# कड़ाधाम के कालेश्वर घाट में सम्पन्न हुई विहिप की बैठक, घोषित हुई ब्लॉक इकाई

## जिलाध्यक्ष सहित मौजूद रहे सैकड़ो लोग, बैठक में हुई समाज में आ रही परेशानियों की चर्चा




**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद की एक कामकाजी बैठक कड़ा धाम के कालेश्वर घाट में आहूत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष ने किया जबकि संचालन जिला संगठन मंत्री वेद प्रकाश राय ने किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के रामनवमी, हनुमान जयंती व सीता नवमी पर संगठन के द्वारा आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई इसके साथ इस मौके पर संगठन के कड़ा ब्लॉक के धर्म प्रसार संगठन के प्रखण्ड कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के आगामी कार्यक्रम हिन्दू नव वर्ष को 9 अप्रैल उत्सव 17 अप्रैल रामोत्सव कार्यक्रम, 23 हनुमान जयंती और 17 मई को मनाए जाने वाले उत्सव पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिम्मेदार सभी पदाधिकारी से गांव-गांव में इन अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कार्यकताओं से आने वाले चुनाव के लिए घर-घर पहुंचकर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रहित के निमित्त मतदान में सत प्रतिशत भाग के लिए प्रेरित किया इस दौरान कल प्रखंड के धर्म प्रसार समिति की भी घोषणा की गई जिसमें सीरी वाल्मीकि को धर्म प्रसार का प्रखंड प्रमुख नामित किया गया है इसके साथ देवेंद्र, सुशील, पंकज, ज्ञान चंद्र, रामबाबू, कुंवर बहादुर, अर्जुन, पंकज को धर्म प्रसार का प्रखंड कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृष्ण दत्त ओझा, तारीफ यादव, रानी मौर्य, गौरव, कामता प्रसाद, दिनेश चंद्र सोनकर, ज्ञान चंद्र प्रजापति, राममिलन, अजय, दयाराम, रवि, सुदेश, लालमणि, अभिषेक मौर्य सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## ससुरालियों ने महिला को घर से भगाया

**कौशाम्बी।** शासन प्रशासन सरकार चाहे जितने दावे कर ले महिला उत्पीडन खत्म करने का किन्तु समाज में आज भी महिलाओं पर बहन बेटियों पर दहेज के लिए अत्याचार और उत्पीड़न होता है। जिससे बेटियां दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर रहती है। ताजा मामला चरवा थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर सुधावर का है जहां की रहने वाली संजना देवी पत्नी कुलदीप सरोज ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपनी पीड़ा को बताया और न्याय मांगने पहुंची। संजना देवी ने बताया कि उसकी शादी 3 नवंबर सन 2019 को कुलदीप पुत्र सुकुल कुमार निवासी ग्राम पहाड़पुर बुधवार थाना चरवा के साथ हुई थी । शादी की कुछ दिन बाद से ही संजना देवी का पति कुलदीप व ससुर सुकुल कुमार सास मालती देवी व देवर रज्जन व चचिया ससुर राजेश कुमार दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की जंजीर व 2 लाख रुपए नगद मांग करने लगे उक्त ससुराली जनों की दहेज की मांग पूरी न होने पर आए दिन संजना देवी को मारपीट कर घर से भगा देते थे। और कहते थे कि जब तक उपरोक्त दहेज लेकर नहीं आएगी तब तक तुझे घर में नहीं रहने देंगे उक्त ससुरालीजन संजना देवी को जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं। तब से संजना देवी अपनी एक वर्ष की बच्ची को लेकर दर-दर की ठोकरे खाती है और किराए के कमरे में लेकर रह रही है। चरवा थाना प्रभारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल करना सुरु कर दिया और पीड़ित को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# 22 महीने पहले तहसीलदार की भेजी रिपोर्ट कलेक्ट्रेट से गायब!

**जिले की बदतर कानून व्यवस्था का हाल खोलती टेवा ग्राम पंचायत के राजस्व मैप नक्शा में अवैध ढंग से हेरा फेरी का मामला**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसीलदार द्वारा 22 महीने पर तत्कालीन जिलाधिकारी को भेजी गई जांच रिपोर्ट कलेक्ट्रेट से गायब हो गई है 22 महीने बाद भी राजस्व मैप में हेरा फेरी के इस मामले में कार्यवाही नहीं हो सकी है सूत्रों की माने तो एक माननीय के दबाव में कलेक्ट्रेट से तहसीलदार की यह जांच रिपोर्ट गायब कर दी गई है जिससे आरोपी दंड पाने से बच गए हैं तहसीलदार द्वारा भेजी गई इस जांच रिपोर्ट का 22 महीने से कुछ पता नहीं चल रहा है जिससे कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों की निष्ठा पर सवाल खड़ा हो गया है। गौरतलब है कि मंझनपुर तहसील के ग्राम पंचायत टेवा के राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी करके नक्से की आकृति 28 लाठा बढ़ाकर नक्शा फिर से बना दिया गया और इसका साजिश कताओं ने लाभ उठाया अपने हिस्से से ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री कर चुके हैं राजस्व नक्शे में हेरा फेरी करने वाले लोग इस बात को तहसीलदार के सामने बकायदे स्वीकार भी कर रहे हैं और इस बात का वीडियो भी वायरल हो रहा है राजस्व मानचित्र में हेरा फेरी करने वाले लोग पड़ोसी के खेत पर कब्जा कर रहे हैं जिसकी शिकायत हुई और जांच हुई जांच में मामला सही पाए जाने के बाद तत्कालीन जिला अधिकारी को कार्यवाही के लिए तहसीलदार ने रिपोर्ट भेज दी लेकिन तहसीलदार की यह जांच रिपोर्ट गायब हो गई जिससे 22 महीने बाद भी दोषियों को दंड नहीं मिला हेरा फेरी में माहिर लोगों द्वारा टेवा गांव की राजस्व आरजी 703 को हड़पने के उद्देश्य आराजी संख्या 701 के नक्शे में हेरा फेरी कर 44 लाठा जमीन को रातों रात 72 लाठा बना दिया गया है यह जमीन चकबंदी रिपोर्ट के अनुसार चकबंदी प्रक्रिया से बाहर है मामले की शिकायत तत्कालीन जिला अधिकारी से हुई जिलाधिकारी के निर्देश पर मंझनपुर तहसीलदार में संपूर्ण प्रकरण की जांच की जांच के दौरान राजस्व मैप नक्शा में हेरा फेरी उजागर हुई और तहसीलदार ने पत्र संख्या 723 सन 2022 के जरिए 26 मई 2022 को तत्कालीन जिला अधिकारी को अपनी जाच रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया लेकिन 22 महीने बीत जाने के बाद भी तहसीलदार की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी कार्यालय से कार्यवाही नहीं हुई है जब लोग जिलाधिकारी कार्यालय के उक्त पत्र से संबंधित लिपिक के पास पहुंचे और 26 मई 2022 को तहसीलदार मंझनपुर द्वारा भेजे गए पत्र की जानकारी चाही तो मालूम चला कि कलेक्ट्रेट के लिपिक के पास पत्र नहीं मिल रहा है इतना महत्वपूर्ण पत्र कलेक्ट्रेट से गायब हो गया अब सवाल उठता है कि कलेक्ट्रेट के लिपिक के पास से तहसीलदार मंझनपुर की जांच रिपोर्ट का यह पत्र कहां गायब हो गया है और पत्र गायब करने वाला कौन है 22 महीने बीत जाने के बाद भी इसकी जांच भी नहीं की गई है तहसीलदार की रिपोर्ट पर 22 महीने बाद कार्रवाई न होने के बाद राजस्व नक्शा में हेरा फेरी करने वाले लोग मौज कर रहे हैं और पड़ोसी की जमीन पर कब्जा करके मालामाल होना चाहते हैं आसपास के किसान परेशान है इतना ही नहीं फर्जी तरीके से नक्शा में हेरा फेरी कर जमीन की बिक्री करने वाले लोगों पर अभी तक दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई है जिससे कौशांबी जिले की चौपट कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार पुत्र छेदीलाल निवासी टेवा थाना व तहसील मंझनपुर ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर राजस्व मानचित्र में हेरा फेरी करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है कलेक्ट्रेट से तहसीलदार का पत्र गायब करने वालों की भी जांच किए जाने की मांग कर कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की गई है लेकिन उसके बाद भी प्रकरण पर कार्यवाही नहीं हो सकी है बताया जाता है कि राजेश चौरसिया आराजी संख्या 703 के मालिक हैं उनकी जमीन का बैनामा प्लांट दिखाकर साजिश कताओं ने बैनामा कर दिया है बंसी लाल ने अपनी मूल जमीन को नक्शा में हेराफेरी कर जमीन ज्यादा दिखाते हुए जमीन का रजिस्ट्री बैनामा कर दिया है जबकि जांच के दौरान तहसीलदार ने बैनामा को फर्जी करार दिया है न्यायालय अपर जिला अधिकारी के भी नक्शा दुरुस्ती के बाद इस मामले के फर्जी वाडा का पदार्फाश हो चुका है लेकिन उसके बाद भी जिनकी जमीन इस आरजी में शेष नहीं है वह जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है दूसरी तरफ हेरा फेरी का प्रकरण सब कुछ साफ हो जाने के बाद दोषी को दंड नहीं मिल सका है जिससे राजस्व प्रशासन के शिथिल कार्यवाही का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है।

## संपादक की कलम से

### सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा

योग गुरु के रूप में मिली लोकप्रियता के सहारे आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण एवं बिक्री का पतंजलि के नाम से बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा करने वाले बाबा रामदेव तथा उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने कानून के महत्व तथा ताकत का एहसास कराया। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान उनके द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवहेलना के लिये जमकर फटकार तो लगाई ही, उन्हें इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि उनके खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी बनता है। अदालत ने केन्द्र को भी नहीं बख्शा जो पतंजलि के झूठे विज्ञापनों की ओर से आंखें बंद किये बैठी रही। सुप्रीम कोर्ट का लहजा इतना सख्त था कि भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में बढ़े रामदेव एवं बालकृष्ण दोनों ही माफी मांगते नजर आये।

मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से पिछले वर्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें पतंजलि के इस दावे को गलत बताया था कि योग अस्थमा व डायबिटीज को पूरी तरह से ठीक कर सकता है। इसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को निर्देश दिया था कि वह कोई भी भ्रामक विज्ञापन प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित न करे। नवम्बर, 2023 में पतंजलि की ओर से दायर शपथ पत्र में ऐसा करने का आश्वासन दिये जाने के बावजूद कंपनी की ओर से विज्ञापन दिये जाते रहे। उस सुनवाई में कंपनी के वकील द्वारा भी निदेशों के पालन का भरोसा जताया गया था। इतना ही नहीं, रामदेव-बालकृष्ण की ओर से इस विषय पर प्रेस कांफ्रेंस भी की गई। यह बात कोर्ट के संज्ञान में आई और पतंजलि को जारी नोटिस की मंगलवार को हुई सुनवाई में दोनों को फटकार लगाई गई। कोर्ट ने नाराजगी जतलाई कि एक ओर तो पतंजलि अपने दायर हलफनामे में माफी मांग रही है, वहीं वह भ्रामक विज्ञापन भी जारी कर रही है। इतना ही नहीं, उसकी ओर से मीडिया कांफ्रेंस भी की जाती है। यह माफी मांगने का तरीका बिलकुल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 अप्रैल को मुकर्रर की है जिसमें दोनों को फिर से उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही केन्द्र को भी नोटिस जारी की गई है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली एवं जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस बात पर भी नाराजगी व्यक्त की कि अपने हलफनामा में पतंजलि ने कुछ ऐसे दस्तावेज जोड़े हैं जो सुनवाई के बाद की तारीखों के हैं। इसलिये इसे झूठी गवाही और गलत हलफनामा दायर करने का भी मामला बतलाते हुए दोनों को आगाह किया कि वे इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। देखना यह है कि आगामी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला लेता है। अपने हलफनामे में पतंजलि के इस कथन से भी कोर्ट नाराज था जिसमें कहा गया था कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज) एक्ट काफी पुराना हो गया है। इसे लेकर भी कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की कि हर विद्यमान कानून का सम्मान होना चाहिये, चाहे वह किसी भी अदालत का हो। न्यायालय ने कहा कि दोनों ने (रामदेव-बालकृष्ण) हर सीमा लांघ दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि दोनों को अदालत में दिये गये आश्वासनों का पालन करना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी की गाज केन्द्र पर भी गिरी। अदालत ने आश्चर्य जताया कि जब पतंजलि कोविड के दौरान बाजार में यह कह रही थी कि उसका (कोरोना) एलोपैथी में कोई इलाज नहीं है तब केन्द्र क्यों आंखें बंद रखे हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 2011 के अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए लोकायुक्त आंदोलन में और भी ज्यादा लोकप्रियता बटोरकर तथा भाजपा सरकार की शह पाकर एक बड़ा कारोबारी साम्राज्य खड़ा करने वाले रामदेव अपने विवादास्पद बयानों एवं गतिविधियों के लिये जाने जाते हैं। कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले कार्यकाल में रामदेव भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़े झंडाबरदार बन गये थे। उन्होंने ही दावा किया था कि विदेश में रखा काला धन आने पर लोगों से टैक्स लेने की जरूरत नहीं होगी और पेट्रोल 35 रुपये प्रति लीटर मिलने लगेगा। यह अलग बात है कि पिछले दस वर्षों से योगाचार्य इस मामले में मौन धारण किये हुए हैं। स्वदेशी उत्पादों तथा परंपरागत चिकित्सा पद्धति का राग अलापने वाले रामदेव ने बाजार के रूझान को देखते हुए वे सारी चीजें बनानी व बेचनी शुरू कर दीं जो आधुनिक जीवन पद्धति के हिस्से हैं। इनमें तरह-तरह के सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर खाद्य सामग्रियां शामिल हैं। इतना ही नहीं, कंपनी मैगी जैसे पदार्थ भी बनाने लगी जो विदेशी व्यंजन तो है ही, स्वास्थ्य के लिये बेहद खतरनाक भी हैं। आज भारत का शायद ही कोई शहर होगा जहां पतंजलि उत्पादों की बिक्री न होती हो और कोई गांव ऐसा नहीं मिलेगा जहां पतंजलि द्वारा निर्मित किसी न किसी उत्पाद के उपभोक्ता न हों। वैसे यह भी जानना जरूरी है कि पतंजलि के ज्यादातर उत्पाद गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में आज जो रामदेव अपने सहयोगियों के साथ कानून के सामने शीर्षासन करते नजर आये, उन्होंने भारत के लोगों का कोरोना काल में बड़ा अहित किया था। एक तो उनके कारण बड़ी संख्या में लोगों का भरोसा वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई संक्रमणरोधी दवाओं पर से विश्वास उठ गया तथा उसके एवज में पतंजलि ने आनन-फानन में तैयार की गई दवा का बड़े पैमाने पर निर्माण कर बाजार में खूब पैसा कमाया। पर्याप्त प्रयोगों व उनके परिणामों की वैज्ञानिक जांच के बिना कोई भी दवा लाभ की बजाय नुकसानदेह ही होती है पर रामदेव ने अंग्रेजी दवाओं को बेकार बतलाते हुए लोगों को बरगलाया भी था।

## सफेद गुड़

– सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

दुकान पर सफेद गुड़ रखा था। दुर्लभ था। उसे देखकर बार-बार उसके मुँह में पानी आ जाता था। आते-जाते वह ललचाई नजरों से गुड़ की ओर देखता, फिर मनमसोसकर रह जाता। आखिरकार उसने हिम्मत की और घर जाकर माँ से कहा। माँ बैठी फटे कपड़े सिल रही थी। उसने आँख उठाकर कुछ देर दीन दृष्टि से उसकी ओर देखा, फिर ऊपर आसमान की ओर देखने लगी और बड़ी देर तक देखती रही। बोली कुछ नहीं। वह चुपचाप माँ के पास से चला गया। जब माँ के पास पैसे नहीं होते तो वह इसी तरह देखती थी। वह यह जानता था। वह बहुत देर गुमसुम बैठा रहा, उसे अपने वे साथी याद आ रहे थे जो उसे चिढ़ा-चिढ़ाकर गुड़ खा रहे थे। ज्यों-ज्यों उसे उनकी याद आती, उसके भीतर गुड़ खाने की लालसा और तेज होती जाती। एकाध बार उसके मन में माँ के बटुए से पैसे चुराने का भी खयाल आया। यह खयाल आते ही वह अपने को धिक्कारने लगा और इस बुरे खयाल के लिए ईश्वर से क्षमा माँगने लगा। उसकी उम्र ग्यारह साल की थी। घर में माँ के सिवा कोई नहीं था। हालाँकि माँ कहती थी कि वे अकेले नहीं हैं, उनके साथ ईश्वर है। वह चूँकि माँ का कहना मानता था इसलिए उसकी यह बात भी मान लेता था। लेकिन ईश्वर के होने का उसे पता नहीं चलता था। माँ उसे तरह-तरह से ईश्वर के होने का यक़ीन दिलाती। जब वह बीमार होती, तकलीफ में कराहती तो ईश्वर का नाम लेती और जब अच्छी हो जाती तो ईश्वर को धन्यवाद देती। दोनों घण्टों आँख बन्द कर बैठते। बिना पूजा किए हुए वे खाना नहीं खाते। वह रोज सुबह-शाम अपनी छोटी-सी घण्टी लेकर, पालथी मारकर संध्या करता। उसे संध्या के सारे मंत्र याद थे, उस समय से ही जब उसकी जबान तोतली थी। अब तो वह साफ बोलने लगा था। वे एक छोटे-से कस्बे में रहते थे। माँ एक स्कूल में अध्यापिका थी। बचपन से ही वह ऐसी कहानियाँ माँ से सुनता था जिनमें यह बताया जाता था कि ईश्वर अपने भक्तों का कितना खयाल रखते हैं। और हर बार ऐसी कहानी सुनकर वह ईश्वर का सच्चा भक्त बनने की इच्छा से भर जाता। दूसरे भी उसकी पीठ ठोंकते, और कहते, 'बड़ा शरीफ लड़का है। ईश्वर उसकी मदद करेगा।' वह भी जानता था कि ईश्वर उसकी मदद करेगा। लेकिन कभी इसका कोई सबूत उसे नहीं मिला था। उस दिन जब वह सफेद गुड़ खाने के लिए बेचैन था तब उसे ईश्वर याद आया। उसने खुद को धिक्कारा, उसे माँ से पैसे माँगकर माँ को दुखी नहीं करना चाहिए था। ईश्वर किस दिन के लिए है? ईश्वर का खयाल आते ही वह खुश हो गया। उसके अन्दर एक विचित्र-सा उत्साह भर आया, क्योंकि वह जानता था कि ईश्वर सबसे अधिक ताकतवर है। वह सब जगह है और सब कुछ कर सकता है। ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके। तो क्या वह थोड़ा-सा गुड़ नहीं दिला सकता? उसे जो कि बचपन से ही उसकी पूजा करता आ रहा है और जिसने कभी कोई बुरा काम नहीं किया। कभी चोरी नहीं की, किसी को सताया नहीं। उसने सोचा और इस भाव से भर उठा कि ईश्वर जरूर उसे गुड़ देगा।वह तेजी-से उठा और घर के अकेले कोने में पूजा करने बैठ गया। तभी माँ ने आवाज दी, 'बेटा, पूजा से उठने के बाद बाजार से नमक ले आना।' उसे लगा जैसे ईश्वर ने उसकी पुकार सुन ली है। वरना पूजा पर बैठते ही माँ उसे बाजार जाने को क्यों कहती। उसने ध्यान लगाकर पूजा की, फिर पैसे और झोला लेकर बाजार की ओर चल दिया।

# नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

-ललित गर्ग-

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पदार्पाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।




कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है।

यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है। मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फामूर्ला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फामूर्ले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है।

पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए। मिलावटी दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है, जल्द ही इसके नतीजे सामने आने की संभावना है। दवाओं की क्वालिटी को बरकरार रखने के लिए हाल ही में यूके के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक एमओयू भी साइन किया है।


**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई॰ पी॰ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**


# यह सुधार-समझौतों वाली मुझको भाती नहीं ठिठोली


पं.माखनलाल जी की जयंती पर विशेष (4 अप्रैल)

**-प्रो.(डा.) संजय द्विवेदी**

पं. माखनलाल चतुर्वेदी और उनकी संपूर्ण जीवनयात्रा, आत्मसमर्पण के खिलाफ लड़ने वाले संपादक की यात्रा है। रचना और संघर्ष की भावभूमि पर खड़ी हुयी उनकी लेखनी में अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध का जज्बा न चुका, न कम हुआ। वस्तुतः वे एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रहे थे और कोई मोर्चा ऐसा न था, जहां उन्होंने अपनी छाप न छोड़ी हो। सही मायने में कर्मवीर के संपादक ने अपने पत्र के नाम को सार्थक किया और माखनलाल जी स्वयं कर्मवीर बन गए। 4 अप्रैल, 1889 को होशंगाबाद(मप्र) के बाबई जिले में जन्में माखनलालजी ने जब पत्रकारिता शुरू की तो सारे देश में राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव देखा जा रहा था। राष्ट्रीयता एवं समाज सुधार की चचाएं और फिरंगियों को देश बदर करने की भावनाएं बलवती थीं। इसी के साथ महात्मा गांधी जैसी तेजस्वी विभूति के आगमन ने सारे आंदोलन को एक नई ऊर्जा से भर दिया। दादा माखनलाल जी भी उन्हीं गांधी भक्तों की टोली में शामिल हो गए। गांधी के जीवन दर्शन से अनुप्राणित दादा ने रचना और कर्म के स्तर पर जिस तेजी के साथ राष्ट्रीय आंदोलन को ऊर्जा एवं गति दी वह महत्व का विषय है।

इस दौर की पत्रकारिता भी कमोवेश गांधी के विचारों से खासी प्रभावित थी। सच कहें तो हिंदी पत्रकारिता का वह जमाना ही अजीब था। आम कहावत थी झ जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। और सच में अखबार की ताकत का अहसास आजादी के दीवानों को हो गया था। इसी के चलते सारे देश में आंदोलन से जुड़े नेताओं ने अपने पत्र निकाले। जिनके माध्यम से ऐसी जनचेतना पैदा की कि भारत आजादी की सांस ले सका। वस्तुतः इस दौर में अखबारों का इस्तेमाल एक अस्त्र के रूप में हो रहा था और माखनलाल जी का कर्मवीर इसमें एक जरूरी नाम बन गया था।

हालांकि इस दौर में राजनीतिक एवं सामाजिक पत्रकारिता के समानांतर साहित्यिक पत्रकारिता का एक दौर भी चल रहा था। सरस्वती और उसके संपादक महावीर प्रसाद द्विवेदी उसके प्रतिनिधि के रूप में उभरे। माखनलाल जी ने भी 1913 में प्रभा नाम की एक उच्चकोटि की साहित्यिक पत्रिका के माध्यम से इस क्षेत्र में सार्थक हस्तक्षेप किया। लोगों को झकझोरने एवं जगानेवाली रचनाओं के प्रकाशन के माध्यम से प्रभा शीध्र ही हिंदी जगत का एक जरूरी नाम बन गयी। दादा की 56 सालों की ओजपूर्ण पत्रकारिता की यात्रा में प्रताप, प्रभा व कर्मवीर उनके विभिन्न पड़ाव रहे। साथ ही उनकी राजनीतिक वरीयता भी बहुत उंची थी। वे बड़े कवि थे, पत्रकार थे पर उनके इन रूपों पर राजनीति कभी हावी न हो



पायी। आजादी के बाद 30 अप्रैल, 1968 तक वे जीवित रहे पर सत्ता का लोभ उन्हें स्पर्श भी नहीं कर पाया। इतना ही नहीं 1967 में भारतीय संसद द्वारा राजभाषा विधेयक पारित होने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति को वह पद्मभूषण का अलंकरण भी लौटा दिया जो उन्हें 1963 में दिया गया था। उनके मन में संघर्ष की ज्वाला हमेशा जलती रही। वे निरंतर समझौतों के खिलाफ लोंगों में चेतना जगाते रहे। उन्होंने स्वयं लिखा है-

**अमर राष्ट्र, उदंड राष्ट्र, उन्मुक्त राष्ट्र, यह मेरी बोली**
**यह सुधार-समझौतों वाली मुझको भाती नहीं ठिठोली।**

माखनलाल जी सदैव असंतोष एवं मानवीय पीड़ाबोध को अपनी पत्रकारिता के माध्यम से स्वर देते रहे। पत्रकारिता के क्षेत्र में कोई भी जंजीर उन्हें बांध नहीं पायी। उनकी लेखनी भद्रता एवं मयार्दा की तो कायल थी किंतु वे भय, संत्र-ास एवं बंधनों के खिलाफ थे।

कर्मवीर के संपादक कैसे संपादक थे, इसे बताने के लिए उन्होंने कहा कि झ ह्लहम फक्कड़ सपनों के स्वर्गों को लुटाने निकले हैं। किसी की फरमाइश पर जूते बनानेवाले चर्मकार नहीं हैं हम ह्व यह निर्भीकता ही उनकी पत्रकारिता की भावभूमि का निर्माण करती थी। स्वाधीनता आंदोलन की आँच को तेज करने में उनका कर्मवीर अग्रणी बना। कर्मवीर की परिधि व्यापक थी। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों पर समान अधिकार से चलने वाली संपादक की लेखनी हिंदी को सोच की भाषा देने वाली तथा युगचिंतन को भविष्य के परिप्रेक्ष्य में व्यक्त करने वाली थी। कर्मवीर जिस भाषा में अंग्रेजी राजसत्ता से संवाद कर रहा था, उसे देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि भारतीय जनमानस में आजादी पाने की ललक कितनी तेज थी।

स्वाधीनता आंदोलन में अपने प्रखर हस्तक्षेप के अलावा कर्मवीर ने जीवन के विविध पक्षों को भी पर्याप्त महत्व दिया। आए दिन होने वाली घटनाओं को मापने- जोखने एवं उनसे रास्ता निकालने की दिव्यदृष्टि भी कर्मवीर के संपादक के पास थी। अपनी पत्रकारिता के माध्यम से राजनीति के अलावा साहित्य कला और संस्कृति को भी उन्होंने महत्व दिया। साहित्यिक पत्रों के संदर्भ में उनकी समझदारी विलक्षण थी वो कहते हैं- ह्लहिंदी भाषा का मासिक साहित्य बेढंगें और बीते जमाने की चाल चल रहा है। यहां बरसाती कीड़ों की तरह पत्र पैदा होते हैं। फिर भी यह आश्चर्य नहीं कि वे मर क्यों जाते हैं। यूरोप में हर पत्र अपनी एक निश्चित नीति रखता है। हिंदी वालों को इस मार्ग में रीति की गंध नहीं लगी।ह्व यह टिप्पणी आज के संदर्भ में भी प्रासंगिक है।

अपने लंबे पत्रकारीय जीवन के माध्यम से दादा ने नई पीढ़ी को रचना और संघर्ष का जो पाठ पढ़ाया वह आज भी हतप्रभ कर देने वाला है। कम ही लोग जानते होंगें कि दादा को इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। उनके संपादकीय कार्यालय यानी घर पर तिरसठ बार छापे पड़े, तलाशियां हुयीं। 12 बार वे जेल गए। कर्मवीर को अथार्भाव में कई बार बंद होना पड़ा। लेखक से लेकर प्रूफ रीडर तक सबका कार्य वे स्वयं कर लेते थे। इन अर्थों में दादा विलक्षण स्वावलंबी थे।

कर्मवीर एक ऐसा पत्र था जिसके संपादक आजादी के आंदोलन के अग्रणी नेता थे। इसलिए राष्ट्र प्रथम उसकी वैचारिक नीति भी रही। आजादी के समय देश के बंटवारे का दंश पूरे देशवासियों के मनों को मथ रहा था। इस भावना को व्यक्त करते हुए कर्मवीर के 15 अगस्त,1947 को माखनलाल जी लिखते हैं-ह्ल यह 15 अगस्त है, भारत दो टुकड़े हैं, किंतु आजाद है, क्या पूर्ण आजाद है...? यह जवाहर और जयप्रकाश जानें कि भारत पूर्ण स्वतंत्र होगा या उपनिवेश बनकर रह जाएगा। नोआखली को जानेवाले यात्री गांधी से गांधी से देश स्वागत नहीं कह सकता, क्योंकि देश खंडित है। बिदा भी नहीं कह सकते क्योंकि अखंड भारत और पूर्ण स्वातंत्र्य का स्वप्न अभी अपनी मुठ्ठी में लिए वह चला जा रहा है। यह 15 अगस्त है।ह्व इसी तरह पत्रकारिता उनके लिए राष्ट्रसेवा और समाज के जागरण का ही एक माध्यम थी। कर्मवीर के माध्यम से वे यही कर रहे थे। भरतपुर के संपादक सम्मेलन में वे पत्रकारिता जगत का आह्वान करते हुए कहते हैं-ह्लयदि समाचार पत्र संसार की एक बड़ी ताकत है तो उसके सिर जोखिम भी कम नहीं है। पर्वत की जो शिखरें हिम से चमकती हैं और राष्ट्रीय रक्षा की महान दीवार बनती हैं, उन्हें ऊंची होना पड़ता है। जगत में समाचार पत्र यदि बड़प्पन पाए हुए हैं, तो उनकी जिम्मेदारी भी भारी है।बिना जिम्मेदारी के बड़प्पन का मूल्य ही क्या है? ह्व कर्मवीर अपने समय का एक ऐसा पत्र बना जिसने समकालीन रचनाशीलता को बहुत प्रोत्साहित किया। तमाम उदीयमान लेखक इसके माध्यम से लेखन की दुनिया में आए।

# वांगचुक : लद्दाख, हिमालय और राष्ट्रीय सुरक्षा

**ऋषभदेव शर्मा**

लद्दाख के पर्यावरणविद सोनम वांगचुक की यह गुहार एक हद तक समय की गुहार है कि विकास और शासन का मॉडल उस क्षेत्र के लिए काम नहीं कर सकता, जिसकी अपनी अनूठी स्थलाकृति (टोपोग्राफी), संस्कृति और जीवनशैली है। यही वजह है कि उनके माध्यम से, संविधान के तहत, लद्दाख में चल रहे संघर्ष के साथ समूचे हिमालय क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने एकजुटता दर्शाई है।

दरअसल अब असंतुलित विकास के नाम पर प्रकृति और पर्यावरण के अंधाधुंध दोहन तथा पर्वतीय लोक संस्कृति के विनाश से तौबा करने का समय आ गया है। इसलिए सोनम वांगचुक के सवालों को अकेले लद्दाख या मात्र हिमालयी क्षेत्र की समस्या कहकर हाशिये पर नहीं धकेला जा सकता। इन सवालों के साथ समूचे देश और समाज का भविष्य जुड़ा हुआ है। लद्दाख, या कहें कि हिमालय की सेहत बिगड़ेगी तो पूरे देश का पारिस्थितिक तंत्र बिगड़ेगा न!

गौरतलब है कि वांगचुक लद्दाख के हित के बहाने असल में हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने की मुहिम छेड़े हुए हैं। हिमालय की पीड़ा की गूँज देश की राजधानी तक पहुँच सके, इसके लिए उन्होंने उचित ही सभी वर्गों के लोगों से एकजुटता की माँग की है। यह बात अलग है कि कुर्सी के खेल में व्यस्त राजधानी में चुनावी गारंटियों के तुमुल कोलाहल के बीच यह गुहार नक्कारखाने में तूती की आवाज की तरह गुम होकर रह जाए। यदि ऐसा हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब विकास की बेडौल मीनारें हिमालय की हलचलों से एक एक कर धराशायी होने लगेंगी।

अगर उत्तराखंड की त्रासदियों की श्रृंखला से दिल्ली ने कुछ सीखा होता, तो शायद सोनम वांगचुक को 21 दिवसीय अनशन न करना पड़ता। लेकिन इस अनशन से भी तो उनका सामाजिक प्रयोजन सिद्ध नहीं हो सका। होता भी कैसे, जब दिल्ली ने किसी भी सत्याग्रह पर कान न देने का पूर्वाग्रह ठान रखा हो? इसके बावजूद इस पर्यावरणविद का हौसला कायम है। इसीलिए उन्होंने क्लाइमेट फ्रंट की ओर से जम्मू में ऑनलाइन प्रेसवार्ता में हिस्सा लेते हुए लद्दाख के सवाल को राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जोड़कर उठाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे लद्दाख में रक्षा परियोजनाओं के खिलाफ नहीं हैं, क्योंकि उनके लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। शिकायत तो उन्हें विकास और शासन के उस मॉडल से है जो उस क्षेत्र की अनूठी स्थलाकृति, संस्कृति और जीवनशैली को नष्ट करने पर उतारू है।

बताया गया है कि इस प्रेसवार्ता में हिमालयी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न संगठनों ने अनेक अहम पर्यावरणीय मुद्दों को उजागर किया। स्थानीय स्वदेशी समुदायों की सहमति के बिना समूचे हिमालय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर स्थापित की जा रही जलविद्युत परियोजनाओं का औचित्य वैसे भी पहले से सवालों के घेरे में है। विभिन्न संगठनों की इनके पारिस्थितिक प्रभावों के बारे में गंभीर चिंता को निराधार नहीं कहा जा सकता। इसी तरह भूमिगत अतिक्रमण और मलबा उत्पादन को देखते हुए बड़े बाँधों, रेलवे और फोर-लेन जैसे मेगा बुनियादी ढाँचों पर पूर्ण रोक की माँग भी जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर सर्वथा उचित है। खास बात यह है कि इस प्रेसवार्ता में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्लाइमेट फ्रंट, जम्मू ने राजनीतिक दलों के लिए पाँचसूत्रीय माँगपत्र भी जारी किया है। लेकिन क्या किसी राजनीतिक दल को हिमालय और उसके निवासियों के ही नहीं, राष्ट्र के अस्तित्व से भी जुड़े इन वास्तविक मुद्दों की परवाह है? (फिर दिशाएँ मौन, फिर उत्तर नहीं है! - दिनकर)

अंत में, यहाँ बहुचर्चित हिंदी फिल्म थ्री इडियट्स का उल्लेख अप्रासंगिक न होगा। आपको इस फिल्म का एक पात्र याद होगा - रैंचो या फुंसुख वांगडू, जिसकी भूमिका आमिर खान ने निभाई थी। क्या यह कहना कोई अर्थ रखता है कि लद्दाख के अधिकार और हिमालय के संरक्षण के लिए 21 दिन का उपवास रखने वाले सोनम वांगचुक मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित वही नवाचारी इंजीनियर हैं, जिनके जीवन से प्रभावित होकर फुंसुख वांगडू का फिल्मी चरित्र रचा गया था? फिलहाल इतना ही! 000

# रिजर्व ईवीएम मतदान के दिन संभाल कर रखें: कमिश्नर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएम-एसपी की मौजूदगी में लोकसभा चुनाव बाबत कानून व्यवस्था तथा चुनाव बाबत व्यवस्थाओं बाबत बैठक में आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पार्टियों रवाना स्थल पर दोनों विधानसभा को अलग-अलग व्यवस्था करें।



कमिश्नर-डीआईजी ने चुनाव बाबत डीएम-एसपी को दिये निर्देश

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में हुई बैठक में आयुक्त ने कहा कि जो सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट रिजर्व ईवीएम मशीन मतदान के दिन रखेंगे, अच्छी तरह से संभाल कर रखें। मतदान को पर्व के रूप में मतदाता मनायें। स्वीप से प्रत्येक गांव में प्रचार-प्रसार करायें। पहले मतदान-फिर जलपान नारे लिखवायें। मतदान के दिन बूथ के पास दो सौ मीटर दायरे में कोई भी राजनीतिक दल पंडाल, भीड भाड नहीं लगेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर मतदाता पर्ची बांटे, ताकि जिले में अधिक मतदान हो सके। 80 प्लस व दिव्यांग मतदाता जो बूथ पर नहीं आ सकते, उनका मतदान पोस्टल बैलेट से करायें। वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, पिंक बूथ की तैयारी अभी से करें। चुनाव को उत्साह के साथ सबको शांतिपूर्ण- सकुशल कराना है। भगवान श्रीराम को तपोस्थली में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसे ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग से मिले दिशा-निर्देश अनुसार चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न कराना सबका दायित्व है। डीएम-एसपी से कहा कि चुनाव में लगे मतदान कर्मिकों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने की व्यवस्था करें। प्रशिक्षण दौरान भारत निर्वाचन आयोग से दिशा- निर्देश की जानकारी दें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न हो। सीडीओ से कहा कि पिछले चुनाव अनुसार इस चुनाव में मतदान प्रतिशत 70 फीसदी से अधिक बढ़ाना है।

डीआईजी ने एसपी से कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर सभी थान क्षेत्रों में कार्यवाही करायें। जिला आबकारी अधिकारी-पुलिस अधिकारियों की टीम बनाकर अभियान चलायें। जिलाधिकारी ने आयुक्त व डीआईजी को अवगत कराया कि 48 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में चित्रकूट व मानिकपुर दो विधानसभा क्षेत्र हैं। 851 बूथ, 21 जोन व 87 सेक्टर में बांटा है। हर बूथ पर मतदाताओं को छाया, बैठने की व्यवस्था की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव सकुशल संपन्न कराने को चारों तहसीलों में कंट्रोल रूम बनाये हैं।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, एएसडीएम मोहम्मद जसीम, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## सोमवती अमावस्या मेला को गम्भीरता से लें अधिकारी: कमिश्नर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीएम-एसपी की मौजूदगी में आठ अप्रैल को चैत्र माह की सोमवती अमावस्या पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त ने कहा कि आठ अप्रैल को चैत्र माह की सोमवती अमावस्या पर्व है। पर्व को संपन्न कराने को सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लें।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अमावस्या मेला संपन्न कराने बाबत पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, कंट्रोल रूम, खोया-पाया केंद्र, पीए सिस्टम आदि बिंदुओं की समीक्षा की। डीआईजी अजय कुमार सिंह ने कहा कि सोमवती अमावस्या मेला देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाये। किसी भी तीर्थ यात्री को परेशानी न हो। सभी जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी तालमेल से मेला संपन्न करायें। मप्र अधिकारियों के साथ बैठक कर लें। परिक्रमा मार्ग के अतिक्रमण को तत्काल हटायें। आवारा पशु न घूमने पायें। पुलिस अधीक्षक से कहा कि कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा सही ढंग से चले। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का करें पालन: टीएसआई

### 174 दो-चार पहिया से वसूले 412900 रुपये, नौ वाहन सीज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात जागरुकता अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन न करने वाले समेत 174 दोपहिया-चारपहिया वाहनों से 412900 रुपये चालान किया।



वाहनों को चेक करते टीएसआई।

बुधवार को यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने तीन ट्रकों में गलत नम्बर प्लेट, दो मोटरबाइक, छह ऑटो सीज किये। वाहन चालकों से कहा कि सभी यातायात नियमों का पालन करें। सड़क पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने को नहीं, बल्कि सुरक्षा को यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस सुरक्षा के लिए है, किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को हुई दस वर्ष सजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय व पैरोकार महेश्वरीदीन ने न्यायालय से नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म आरोपी को दस वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया।

बुधवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की पैरवी व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने मऊ थाने में दर्ज नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट आरोपी संजय पुत्र मुन्ना उर्फ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी बरिया को दस वर्ष की सजा व दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 23 जून 2018 को वादी ने मऊ थाने में सूचना दी कि संजय ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाकर दुष्कर्म किया है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर पूर्व सीओ रजनीश कुमार यादव ने 25 जून 2018 को पीड़िता को बरामद किया। दो जुलाई 2018 को आरोपी को गिरफ्तार किया। 11 अगस्त 2018 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# मतगणना स्थल-स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व डीआईजी अजय कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं को देखते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में बनाये मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



डीएम-एसपी के साथ मतगणना स्थल-स्ट्रांग रूम देखते कमिश्नर-डीआईजी।

बुधवार को आयुक्त व डीआईजी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर पर स्ट्रांग रूम की व्यवस्था व मतगणना स्थल में पंडाल व्यवस्था, शौचालय, निर्वाचन सामग्री जमा करने की व्यवस्था, यातायात मूवमेंट की जानकारी डीएम-एसपी से ली। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभी से मतगणना व स्ट्रांग रूम की व्यवस्था कर लें। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खंड सत्येंद्रनाथ, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

## क्राफ्ट कटिंग में प्रति हेक्टेयर 28.630 कुंतल निकला गेहूं

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने तहसील कर्वी के बनाड़ी गांव में राजकरण पुत्र रामकुमार के खेत संख्या 492 में गेहूं की क्राफ्ट कटिंग करायी। बुधवार को डीएम ने बनाडी गांव के राजकरण के गेहूं के खेत में जरीब से त्रिभुजाकार में रकबा 0.089 हेक्टेयर में गेहूं की कटाई-कुटाई करने पर 12 किलो 400 ग्राम गेहूं निकाला। अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि क्राफ्ट कटिंग पर गेहूं प्रति हेक्टेयर के अनुसार 28.630 कुंतल निकला है। क्राफ्ट कटिंग दौरान तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार सिंह, कानूनगो सुधीर कुमार सिंह, लेखपाल चंद्रभान सिंह समेत किसान मौजूद रहे।

## बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे शिक्षक, बीईओ नहीं करते क्षेत्र निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा विभाग चाहे कितने प्रयास कर ले शिक्षक समय से स्कूल नहीं पहुंचते। शिक्षक इतने लापरवाह हो गये हैं कि शिक्षामित्र व शिक्षक समय से विद्यालय नही पहुंच रहे। बुधवार को शिक्षकों के मनमानी ढंग से स्कूल पहुंचने का खुलासा अभिभावकों ने किया। अभिभावकों ने बताया कि शिक्षक मनमानी ढंग से जब चाहे, तब विद्यालय आते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठे-बैठे एसी का सुख ले रहे हैं। शिक्षामित्र व शिक्षक बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। कर्वी क्षेत्र के मकरी पहरा, भंभौर, बारामाफी, रेहुटा, चिल्लामाफी, हिनौता, गढ़ीघाट, कादरगंज, रमयापुर आदि गांवों के विद्यालयों में दो या तीन शिक्षक तैनात हैं। खासतौर पर महिला शिक्षक व महिला शिक्षामित्र का विद्यालय आने का कोई समय नहीं है। इस बारे में खंड शिक्षाधिकारी अतुलदत्त तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, वे शिक्षकों के आने-जाने के समय को देखेंगे। जो शिक्षक विद्यालय समय से नहीं पहुंचेगा, उस पर कार्यवाही करेंगे।

# यादव महासभा ने पीडित परिवार को दी मदद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पिछले दिनों मानिकपुर थाना क्षेत्र के माराचंद्रा में आशीष कुमार यादव व सुशील कुमार यादव के घरों में आग लगने से गृहस्थी का सभी सामान जलकर राख हो गया था।



पीडित परिवार की मदद करते यादव महासभा के लोग।

बुधवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष/कार्यकारी देवराज यादव व प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर यादव की अगुवाई में जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव, जिलाध्यक्ष युवा आनंद कुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी आरके सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, जिला महासचिव शारदा प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष कमलेश यादव, सदस्य अजीत यादव, शिवपूजन यादव, सुरेन्द्र कुमार यादव, राजेंद्र यादव, अभिलाष यादव आदि ने पीड़ित परिवार के घर जाकर भेंटकर परिवार को घरेलू इस्तेमाल की सामग्री दी।

अखिल भारतीय यादव महासभा के पदाधिकारियों का सहयोग पाकर पीडित परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि यथासम्भव जो भी मदद होगी, आगे भी की जायेगी।

## एसपी के निर्देश पर दो पर गुण्डा-पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले दो लोगों पर गुण्डा एक्ट व पांच पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने रवि पुत्र भइयालाल बालापुर अहिरी, नीरज पुत्र राममिलन निषाद मैदाना के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह ने सुनील कुमार पुत्र मेवालाल चमरौंहा, सुरेश कुमार पुत्र सुन्दर ऐलहा, श्रीपाल पुत्र महेश यादव रानीपुर, विजयशंकर तिवारी पुत्र बलराम छेरिहाई, दीपू उर्फ दीनू पुत्र सत्यनाराण तिवारी कस्बा मानिकपुर पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# आयुक्त एल वेंकटेश्वर लू का आदेश जिले में फांक रहा धूल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सूबे के प्रमुख सचिव परिवहन/आयुक्त एल वेंकटेश्वर लू के मुख्य मार्गों से ई-रिक्शा हटाने के तीन महीना पहले के आदेश जिले में धूल फांक रहे हैं। उन्होंने सूबे के सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर कहा था कि शासन के निर्देश पर ई-रिक्शा सवारियों को लेकर लिंक मार्गों से मुख्य मार्गों तक आयेंगे।

सूबे के प्रमुख सचिव परिवहन/आयुक्त एल वेंकटेश्वर लू ने सभी जिलाधिकारियों को जारी पत्र में कहा था कि ई-रिक्शा उस मुख्य मार्ग पर नहीं चलेंगे, जहां सडक सुरक्षा समितियों का सर्वे कराया जायेगा। उन्होंने परिवहन अधिकारी से कहा कि नये ई-रिक्शा पंजीयन के समय डीएल होना जरूरी है। लर्निंग डीएल पर ई-रिक्शा का पंजीयन एआरटीओ कार्यालय में न हो। उन्होंने ई-रिक्शा का किराया पांच रुपया रखने के निर्देश दिये। ई-रिक्शा संचालन को नियमावली में मकसद केवल कालोनी के लोगों को मुख्य सडक तक पहुंचाना है। ज्यादातर शहरों में जाम व हादसे की मुख्य वजह ई-रिक्शा बन चुके हैं। इसीलिए व्यवस्थित करने को ये कदम उठाये गये हैं।

### सात लोगों की मौत से दहला जिला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मंगलवार को जिला मुख्यालय में सवेरे साढे पांच बजे ई-रिक्शा व डम्फर में हुई भिडन्त में सात लोगों की मौत से जिला दहल गया है। इसके मद्देनजर जिलाधिकारी को परिवहन आयुक्त एल वेंकटेश्वर लू के आदेशों का पालन जिले में सख्ती से कराना चाहिए, ताकि दुबारा ऐसी घटनायें न हो सकें। ई-रिक्शा को हाईवे पर चलने से रोकने की सीधे जिम्मेदारी जिलाधिकारी की है।

## 15 जून तक होगी गेहूं खरीद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि तीन अप्रैल को गेहूं खरीद के तहत सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र मंडी परिसर कर्वी पर किसान कृष्णचन्द्र उर्फ लल्लू पुत्र राम स्वयम्बर सिंह बालापुर खालसा से 40 कुन्तल गेहूं खरीद कर शुरूआत की गयी।

बुधवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां, मंडी सचिव विपुल कुमार ने किसान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिले में पीसीएफ गेहूं क्रय केन्द्र रामपुर कल्याणगढ, किहुनिया, रामपुर बांधी में भी किसानों से गेहूं खरीद शुरु की गई। सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद एक मार्च से शुरु है, 15 जून तक चलेगी। किसानों की सुविधा को जिले में चार एजेन्सियों के 40 गेहूं क्रय केन्द्र हैं। इस वर्ष गांवों से किसानों के घर से फसल खरीद को मोबाइल क्रय केन्द्र से खरीद की व्यवस्था की है। 2024-25 में गेहूं का न्यूनतम मूल्य 2275 रूपयें प्रति कुन्तल है, जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 150 रूपये ज्यादा है। 2275 रूपये प्रति कुन्तल के अलावा उतराई-छनाई मद में 20 रूपये प्रति कुन्तल भी दिया जा रहा है। बटाईदारों को भी सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने की सुविधा दी गई है। किसान भाई सहायता को टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या जिले के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, ब्लाक के विपणन निरीक्षक/क्रय केन्द्र प्रभारी से सम्पर्क कर सकते है।

## चार जुआरियों से बरामद 12930 रुपये



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्य की अगुवाई में दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने ताश के पत्तों पर हाज-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते चार लोगों को दबोचा है। बुधवार को दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने सुंदरलाल केसरवानी पुत्र सत्यनारायण, मो इकबाल पुत्र याकूब, इशरार पुत्र रउफ खान व राजू द्विवेदी पुत्र बेनी प्रसाद द्विवेदी कस्बा बरगढ़ को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 11300 रुपये, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में 1630 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, दरोगा पवन कुमार प्रधान, दरोगा राजेश कुमार यादव, सिपाही आकाश कुमार, रोहित यादव, अश्विनी व शुभम यादव शामिल रहे।

# कमिश्नर-डीआईजी ने देखा हादसा स्थल, जताया दुख

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह ने प्रयागराज-बांदा हाईवे पर कल टैम्पो-डंफर की भिड़ंत से हुए सड़क हादसे का स्थलीय निरीक्षण किया।बुधवार को आयुक्त व डीआईजी ने सड़क हादसे की जानकारी ली। हादसे में मृतकों की बाबत डीएम-एसपी से बात कर एआरटीओ व यातायात प्रभारी को कडे निर्देश दिए। ओवरलोड वाहनों में अधिक सवारी वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाये। सड़क हादसे में पुलिस अधिकारियों समेत एआरटीओ अभियान चलाकर भारी वाहनों समेत टैम्पो-टैक्सी की स्पीड नियंत्रित करें। कल हुए हादसे पर दुख जताया। कहा कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनन्द, एसपी अरुण कुमार सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



हादसा स्थल देखते कमिश्नर-डीआईजी।

# बिमस्टेक का चार्टर्ड नेपाल की संसद से पारित, तीन दशक बाद कार्यान्वयन का रास्ता साफ

**काठमांड।** बहुक्षेत्रीय प्राविधिक तथा आर्थिक सहयोग के लिए बिमस्टेक के चार्टर्ड को नेपाल की संसद से अनुमोदन मिल गया है। बिम्स्टेक का पूरा रूप बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल है। इसके साथ ही तीन दशक के बाद अब इसका कार्यान्वयन किये जाने का रास्ता साफ हो गया है।



बैंकॉक घोषणा के तहत 1997 में इस क्षेत्रीय संगठन को स्थापित किया गया था। शुरूआत में इसमें केवल चार सदस्य बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड थे। नवम्बर, 2016 में इसमें बर्मा, भूटान और नेपाल भी सदस्य के रूप में शामिल हो गए। सन 2018 में काठमांडू में हुए बिमस्टेक शिखर सम्मेलन में इसका चार्टर्ड पारित करके सभी सदस्य देशों की संसद से अनुमोदन करने का फैसला लिया गया था। नेपाल के अलावा बाकी सदस्य देशों ने पहले ही अपनी संसद से अनुमोदन पारित कर दिया था। अभी तक नेपाल की संसद से सदस्यता का अनुमोदन नहीं हुआ था लेकिन अब संसद से अनुमोदन होने से अब इसका औपचारिक रूप से कार्यान्वयन किये जाने का का रास्ता खुल गया है। नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल की संसद से अनुमोदन होने के बाद इसकी जानकारी बांग्लादेश स्थित बिमस्टेक के सचिवालय को दी जाएगी, जिसके 30 दिन के बाद यह औपचारिक रूप से कार्यान्वयन में आ जाएगा।

## फिनलैंड के स्कूल में 12 साल के छात्र ने की गोलीबारी, 1 बच्चे की मौत 2 घायल

**नई दिल्ली।** फिनलैंड के वांटा शहर में मंगलवार को एक स्कूल में 12 वर्षीय एक छात्र ने गोलीबारी कर दी। इस घटना में घायल एक छात्र की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने हमलावर छात्र को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार गोलीबारी की घटना के बाद पीड़ित बच्चों को अस्पताल ले जाया गया। स्कूल की इमारत को पुलिस ने घेर लिया। हिरासत में लिये गए छात्र के अलावा इस मामले में फिलहाल कोई अन्य संदिग्ध नहीं है। फिनलैंड के राष्ट्रपति इल्का कोस्किमाकि ने इस दुखद घटना पर कहा कि जिन छात्रों को गोली लगी है, वे सभी 12 साल के हैं । इनमें से एक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना पर फिनलैंड सरकार ने राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय परिसरों और संस्थानों पर लगा राष्ट्र ध्वज आधा झुका रहेगा। पुलिस के अनुसार गोलीबारी में इस्तेमाल हथियार एक पंजीकृत हैंडगन है। इसका लाइसेंस उस छात्र के रिश्तेदार के पास था। प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने कहा कि गोलीबारी बेहद चौंकाने वाली घटना है। उनकी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके प्रियजनों और अन्य छात्रों और कर्मचारियों के साथ हैं। वहां के आंतरिक मंत्री मारी रैनटेनेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दिन की शुरूआत भयावह तरीके से हुई। वे केवल उस दर्द और चिंता की कल्पना कर सकती हैं। फिलहाल, संदिग्ध अपराधी को पकड़ लिया गया है।

## नेपाल : सहकारी ठगी मामले में गृहमंत्री की भूमिका की जांच के लिए संसदीय जांच समिति के गठन की मांग पर विपक्षी दल अड़ा

**काठमांडू।** नेपाल में प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस यहां सहकारी घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच के लिए संसदीय जांच समिति का गठन किए जाने की मांग पर अड़ गया है।

प्रतिनिधि सभा में नेपाली कांग्रेस के महामंत्री विश्वप्रकाश शर्मा ने कहा कि वैसे तो नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री को पद से इस्तीफा देना चाहिए लेकिन अगर वो इस्तीफा नहीं देते हैं तो हमारी मांग संसदीय जांच समिति के गठन का प्रस्ताव लाने की है। शर्मा ने बताया कि यदि कल संसद की बैठक में सरकार की तरफ से यह प्रस्ताव नहीं आता है तो सदन की कार्रवाई को बाधित किया जाएगा।

नेपाली कांग्रेस ने बताया कि जब तक सरकार संसदीय समिति गठन का प्रस्ताव नहीं लाती है तब तक गृहमंत्री को सदन में किसी भी विषय पर बोलने नहीं दिया जाएगा। महामंत्री शर्मा ने आरोप लगाया है कि गृहमंत्री रवि लामिछाने के व्यापारिक पार्टनर जीबी राई पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का गबन किए जाने के बावजूद अब तक पकड़ा नहीं जाने से गृहमंत्री की भूमिका संदेह के घेरे में है। मलेशिया में छिप कर बैठै जीबी राई को आखिरकार नेपाल पुलिस गिरफ्तार कर देश में क्यों नहीं ला रही है? कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि गृहमंत्री अभी भी जीबी राई के संपर्क में है।

## पेइचिंग की केंद्रीय धुरी की कुल लंबाई लगभग 7.8 किलोमीटर।



**बीजिंग।** पेइचिंग की केंद्रीय धुरी की कुल लंबाई लगभग 7.8 किलोमीटर है। यह 13वीं शताब्दी के बाद से चीनी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्मारकों, औपचारिक इमारतों और ऐतिहासिक इमारतों को एक साथ लाता है।

यह चीनी सभ्यता के अनोखे गवाह के साथ-साथ दुनिया की सबसे लंबी और सबसे प्राचीन शहरी धुरी भी है। केंद्रीय धुरी की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए पेइचिंग ने केंद्रीय धुरी के ऐतिहासिक मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए कई उपाय किए हैं।

पेइचिंग के केंद्रीय धुरी के सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, विरासत और उपयोग में नई जीवन शक्ति का संचार जारी रखने और नए परिणामों को लागू करने के लिए 2024 पेइचिंग केंद्रीय धुरी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार प्रतियोगिता हाल ही में शुरू हुई।

यह प्रतियोगिता तीन बार सफलतापूर्वक रूप से आयोजित की गई है, जिसने देश और विदेश में 4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष प्रतिभागियों को आकर्षित किया है और इसने देश और विदेश में केंद्रीय धुरी संस्कृति के प्रति उत्साह पैदा कर दिया है।

## नेपाल में 15 साल पहले हुए हत्या के मामले में माओवादी नेता खाम गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने सीपीएन (एमसी) के नेता काली बहादुर खाम को 15 साल पहले हुए हत्या के एक मामले में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात काठमांडू के गोंगबू से गिरफ्तार किया। उन पर वर्ष 2009 में चितवन स्थित माओवादी कैंप में एक व्यापारी की अपहरण कर हत्या करने का आरोप है। खाम प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के बेहद करीबी माने जाते हैं। माओवादियों के विश्वस्त रहे काठमांडू के व्यापारी रामहरि श्रेष्ठ की हत्या के आरोप में खाम को गिरफ्तार किया गया है। उन पर श्रेष्ठ का अपहरण कर चितवन स्थित माओवादी लडाकू कैंप में प्रताड़ित करने और हत्या करने के आरोप में कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। काठमांडू के पुलिस अधीक्षक नवराज अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पकड़े गए काली बहादुर खाम को आज चितवन जिला अदालत में पेश किया जाएगा। खाम सीपीएन (एमसी) के केंद्रीय सदस्य होने के साथ ही पार्टी के सुक्षा ब्यूरो के प्रमुख भी हैं। पार्टी की तरफ से प्रचंड की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी खाम पर है। खाम पर अवैध हथियार रखने के आरोप में काठमांडू के एक कोर्ट में मुकदमा लंबित है। पुलिस ने उनके घर से एके-47 राइफल और कई अन्य विदेशी पिस्टल बरामद किए थे।

वर्ष 2009 में व्यापारी श्रेष्ठ की काठमांडू के कोटेश्वर स्थित उनके घर से अपहरण कर चितवन स्थित माओवादियों के कैंप में ले जाकर हत्या कर दी गई थी। उस समय काली बहादुर खाम माओवादियों के कैंप का डिविजन कमांडर हुआ करता था।


## एयर इंडिया ने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम में किए बदलाव, ग्राहकों को मिलेगा फायदा




**नई दिल्ली।** टाटा की अगुवाई वाली निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया ने सरल संरचना के साथ अपने ह्यफ्लाइंग रिटर्न्सह्न लॉयल्टी कार्यक्रम को लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम भारत का पहला फ्रिक्वेंट फ्लायर कार्यक्रम है, जिससे एयर इंडिया के ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। एयर इंडिया ने बुधवार को ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि एक दशक से भी अधिक समय में ह्यफ्लाइंग रिटर्न्सह्न लॉयल्टी कार्यक्रम में पहली बार बदलाव किया गया है। हालांकि, एयर इंडिया ने मौजूदा सदस्यों की संख्या का खुलासा किए बिना कहा कि कार्यक्रम के सदस्य अब आज से शुरू होने वाली नई संरचना के आधार पर लाभ उठा सकेंगे और अंक एकत्र कर सकेंगे। एयर इंडिया के संशोधित कार्यक्रम में अब किसी ग्राहक द्वारा अर्जित अंकों की कोई समय-सीमा नहीं होगी। एयर इंडिया के परिवर्तित फ्लाइंग रिटर्न्स लॉयल्टी प्रोग्राम का हिस्सा बनकर आप कई तरह के रिवॉर्ड का लाभ उठा सकते हैं। फ्लाइंग रिटर्न एयर इंडिया का लॉयल्टी प्रोग्राम है, जिसमें यात्री मील अथवा प्वाइंट कमा सकते हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा करने के दौरान यात्री इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्वाइंट के जरिए आप एयर इंडिया एयरलाइन के भागीदार होटल-रेस्टोरेंट पर छूट प्राप्त कर सकते हैं।

# हाई स्पीड रेल नेटवर्क ने सेवा निलंबित की, हिल गई इमारतें





**ताइपे।** ताइवान में आज (बुधवार) सुबह आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों का असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगा है।

ताइवान न्यूज के अनुसार, देश के पूर्वी तट पर 7 दशमलव 2 तीव्रता के भूकंप के बाद ताइवान हाई स्पीड रेल नेटवर्क ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं।

ताइवान हाई स्पीड रेल नेटवर्क ने कहा है कि सुबह लगभग 8:30 बजे भूकंप के झटकों का प्रभाव पूरे नेटवर्क (नांगंग-जुयिंग लाइन) पर पड़ा। ताइवान हाई स्पीड रेल नेटवर्क ने यात्रियों से असुविधा के लिए माफी मांगी है। ताइवान न्यूज के अनुसार, नेटवर्क ने लाइनों, स्टेशनों और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किया है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के हवाले से कहा है कि भूकंप का केंद्र ताइवान के हुलिएन शहर से लगभग 18 किलोमीटर (11 मील) दक्षिण में स्थित है। हुआलिएन में कई इमारतें आंशिक रूप से ढह गई हैं और खतरनाक कोण पर झुकी हुई दिखाई दे रही हैं। अखबार ने वीडियो जारी कर पूरे मंजर को दिखाने का प्रयास किया है।

भूकंप विज्ञान अधिकारियों ने कहा कि यह 25 वर्षों में ताइवान का सबसे शक्तिशाली भूकंप है। ताइवान और के पड़ोसी देशों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। इस भूकंप का असर जापान पर भी देखा गया है। जापान ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की है। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप ताइवान के पूर्वी तट पर हुलिएन काउंटी के जल क्षेत्र में केंद्रित था। ताइवान के केंद्रीय मौसम प्रशासन ने भी तेज झटका दर्ज किया है।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो दर यथावत रहने की संभावना

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहली समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता में हो रही तीन दिवसीय एमपीसी बैठक के नतीजे पांच अप्रैल को आएगा। हालांकि, अधिकांश अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट को यथावत रख सकता है।




आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आज चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक शुरू हुई। रिजर्व बैंक गवर्नर तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक के नतीजे की घोषणा 5 अप्रैल को करेंगे। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि आरबीआई एक बार फिर नीतिगत रेपो दर को यथावत रख सकता है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई की मौद्रिक समिति प्रत्येक दो महीनों पर मॉनेटरी पॉलिसी पर फैसला लेती है। केंद्रीय बैंक ने लगातार छह बार से रेपो रेट को स्थिर रखा है। इस बार भी ऐसे ही संकेत मिल रहे हैं कि लगातार सातवीं बार भी नीतिगत दर रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होगा। रिजर्व बैंक ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो रेट बढ़ाकर 6.50 फीसदी कर दिया था।

# नस्लभेद की वजह से जर्मनी से छिटक रहे कुशल विदेशी कामगार, जर्मनी एक तरफ आर्थिक संकटों से जूझ रहा है और कुशल कामगारों की कमी है

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

**जर्मनी।** जर्मनी एक तरफ आर्थिक संकटों से जूझ रहा है और कुशल कामगारों की कमी है, तो दूसरी तरफ यहां विदेशियों के प्रति भेदभाव की भावना मजबूत हो रही है. ऐसे में विदेश से आने वाले कामगारों का जीवन कैसे प्रभावित हो रहा है?

यॉर्ग एंगलमान जर्मनी के केमनित्स में एक केमिकल इंजीनियरिंग कंपनी में मैनेजर हैं. वह बताते हैं कि विदेशों से आने वाले हुनरमंद कामगारों को आकर्षित करने के लिए उन्होंने अपनी कंपनी में हरमुमकिन कोशिश की. लेकिन जर्मनी आने पर इन कामगारों को शहर में नस्ली टिप्पणियों और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है. इस वजह से कुछ कामगार वापस चले गए.

एंगलमान की कंपनी जर्मनी में मध्यम आकार की उन पांच कंपनियों में से एक है, जिन्होंने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि हाल ही में उनके कुछ विदेशी कर्मचारी आप्रवासियों के प्रति दुर्व्यवहार के कारण वापस लौट गए या दूसरे शहर जाकर रहने लगे. ऐसा तब है, जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश जर्मनी कुशल कामगारों की कमी से जूझ रहा है.

जर्मनी और नीदरलैंड्स की कई बड़ी कंपनियों ने आप्रवासी-विरोधी भावनाओं की वजह से भर्ती में आने वाली मुश्किलों पर चिंता जताई है. कुछ मालिकों ने तो यहां तक कहा कि इसकी वजह से उन्हें कर्मचारी खोने पड़ रहे हैं.

एंगलमान अपने परिवार के स्वामित्व वाली 'सीएसी इंजीनियरिंग जीएमबीएच' कंपनी चलाते हैं. उन्होंने बताया कि पिछले 12 महीनों में उनके 40 विदेशी कर्मचारियों में से करीब पांच ने भेदभाव की वजह से काम छोड़ दिया. कंपनी ने रॉयटर्स को अपने पूर्व कर्मचारियों की जानकारी देने से इनकार कर दिया. 57 साल के एंगलमान कहते हैं, "हम जो कर सकते हैं, करते हैं. लेकिन हम बॉडीगार्ड नहीं बन सकते.

समाज के कुछ लोग यह नहीं समझते कि ये कुशल विदेशी कामगार जर्मनी की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहते हैं." सीएसी ने भले जानकारी न दी हो, लेकिन जर्मनी के गृह मंत्रालय द्वारा दर्ज किए गए विदेशियों के प्रति नस्लभेदी अपराधों के मामले 2013 से 2022 के बीच तीन गुना बढ़कर 10,000 से भी ज्यादा हो गए हैं. एंगलमान कहते हैं कि महंगी ऊर्जा इससे भी बड़ी चुनौती है.

**जर्मनी और कर्मचारियों का संकट**

जर्मनी के आधिकारिक अनुमान के मुताबिक 2035 तक देश में 4.6 करोड़ कर्मचारी होंगे, जो कुशल कामगारों की जरूरत से 70 लाख कम होंगे. पूर्वी जर्मनी में माहौल ज्यादा द्वेषपूर्ण है, जहां साम्यवाद के पतन के बाद कई कारखाने बंद हुए और छंटनी हुई. इसकी वजह से बहुत सारे युवा पलायन कर गए और जन्मदर में कमी आई है.

चेक सीमा के पास सैक्सनी राज्य में स्थित केमनित्स कुशल कामगारों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है. एंगलमान की कंपनी कहती है कि विदेशी कर्मचारियों को यहां बसने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए वह उन्हें अस्थायी घर के साथ-साथ भाषा और ड्राइविंग सीखने में मदद करती है.

2018 के बाद से केमनित्स आप्रवासी विरोधी भावनाओं का केंद्र बन गया. शहर में आप्रवासी विरोधी प्रदर्शनों ने दंगों की शक्ल ले ली थी. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान केमनित्स पूरी तरह नष्ट हो गया था. फिर साम्यवाद के दौर में इसे 'कार्ल मार्क्स शहर' के रूप में दोबारा खड़ा किया गया. 20वीं सदी के अंत तक यह जर्मनी के सबसे अमीर शहरों में से एक बन गया था.

1990 में जर्मनी के एकीकरण के बाद केमनित्स की आबादी करीब 20 फीसदी घटकर ढाई लाख के आसपास रह गई थी. केमनित्स स्थित फॉग इंस्टिट्यूट फॉर मार्केट ऐंड सोशल रीसर्च के डेटा के मुताबिक, शहर में विदेशियों की तादाद 14 फीसदी हो गई है, जो साल 2000 में सिर्फ दो फीसदी थी.

**आप्रवासियों के अनुभव**

बीते सप्ताह करीब ढाई सौ लोगों ने शहर में हर सोमवार को निकलने वाली रैली में हिस्सा लिया. इस प्रदर्शन को जर्मनी की धुर-दक्षिणपंथी पार्टियों में से एक बढ़ावा देती है, जिसकी सिटी काउंसिल में एक-चौथाई हिस्सेदारी है. हाल ही में एक आयोजन में लोगों ने राष्ट्रवादी गाने गाए, ढोल बजाए और सैक्सनी, जर्मनी और रूस के झंडे लहराए.

केमनित्स में रहने वाले 31 साल के फरीद मोकबिल मिस्र से हैं. वह विदेशियों को जर्मन पढ़ाने जर्मनी आए थे. मोकबिल कहते हैं कि वह शहर में खुश हैं. वह अक्सर नस्लभेद का सामना करते हैं, लेकिन इसे निजी तौर पर नहीं लेते. मोकबिल अपना एक वाकया बताते हैं,

"यहां आने के पहले हफ्ते जब मैं सुपरमार्केट में खरीदारी करने गया, तो एक बुजुर्ग महिला ने मेरी तरफ देखा. मुझे नहीं पता इसकी वजह मेरी पोशाक थी या कुछ और, लेकिन वह अचानक चीखने लगीं. ऐसी अजीब घटनाएं होती रहती हैं. कुछ दिनों पहले ट्राम में एक लड़का जोर से बोला कि यहां सिर्फ अफगान हैं, जो चोरी करना चाहते हैं."

अपनी पूरी जिंदगी केमनित्स में बिताने वाली 84 साल की क्रिस्टीन विलॉवर कहती हैं कि उन्हें लगता है कि जर्मनी में शरण चाहने वालों को ऐसे वित्तीय लाभ मिलते हैं, जो बुजुर्गों को नहीं मिलते. वह कहती हैं, "जब मैं शहर में होती हूं, तो कभी-कभी मुझे लगता है कि अब मेरी मातृभाषा बोलने वाले ज्यादा लोग नहीं हैं. मुझे पुराने तौर-तरीकों की याद भी आती है."

शहर के प्रवक्ता माथियास नोवाक ने कहा कि केमनित्स के ज्यादातर लोग चरमपंथ के खिलाफ हैं. उन्होंने यह भी कहा कि आप्रवासियों के बिना केमनित्स बिखर जाएगा, जैसे अस्पतालों में ही 40 फीसदी कर्मचारी आप्रवासी हैं.